# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024


# महादेव सट्टा ऐप पर सरकार का बड़ा कदम, सीबीआई को सौंपी जाएगी जांच

बड़ी खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सबसे चर्चित मामलों में शुमार महादेव ऐप सट्टा की जांच को लेकर विष्णुदेव सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महादेव ऐप का मामला सीबीआई को सौंपने जा रही है। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के 70 थानों में प्रकरण दर्ज हैं। यह सभी सीबीआई को सौंप दिए जाएंगे। 15 हजार करोड़ रुपये के इस घोटाले में शामिल लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले में प्रदेश के कई बड़े नेताओं, पुलिस अधिकारियों और कारोबारियों के नाम सामने आए हैं, जिन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (बी), 420, आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज हैं।

उल्लेखनीय है कि महादेव ऐप के नाम पर अरबों रुपए के सट्टा के काले कारोबार का खुलासा सबसे पहले हरिभूमि ने ही किया था। उसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। दबाव बढ़ने पर छत्तीसगढ़ के सरगना सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल फरार हो गए। करीब 600 से ज्यादा गुर्गों की गिरफ्तारियां की गईं। इसके बाद भी सट्टा संचालित होता रहा। अक्टूबर 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने जांच शुरू की। दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी, जिनके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग ▶▶| शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ के 70 थानों में दर्ज हैं सैकड़ों प्रकरण, अब तक हो चुकी है 600 से ज्यादा की गिरफ्तारी

### चार्जशीट में राजनीतिक संरक्षण का जिक्र

महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक संरक्षण पाने के लिए 508 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। नवंबर 2023 में ईडी ने अपनी चार्जशीट में बघेल का नाम का जिक्र भी किया था। विधानसभा चुनाव से पहले इस मामले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा था। वर्तमान में साय सरकार के अधीन ईओडब्ल्यू इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अब इसे सीबीआई को सौंपने की तैयारी है।


ईओडब्लू ने गंभीर धाराओं में दर्ज किया मामला, कांग्रेस बोली- हार के डर से साजिश

महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व सीएम भूपेश पर केस, उनके साथ ओएसडी और कई अफसर भी

भूपेश बघेल ने कहा- यह राजनीतिक एफआईआर

### हरिभूमि ने किया था खुलासा

सूत्र बताते हैं कि इससे करीब 4000 लोग सीधे तौर पर जुड़े हैं और कोरोना के समय इसका कारोबार हर महीने चार सौ करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया था। इस धंधे का खुलासा हरिभूमि ने किया था। उसके बाद पुलिस से जुड़े अफसरों का दबाव पड़ा। उसके बाद संरक्षण पाने के लिए राजनीतिक आकाओं की शरण में गए। उसके बदले अरबों रुपए रिश्वत में दिए गए। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप एक अवैध प्लेटफार्म है, जो सट्टेबाजों को लाइव गेम्स और वर्चुअल खेलों पर दांव लगाने का काम करता है।









# बिहार-झारखंड में रोकी ट्रेनें, कई राज्यों में बवाल, बस्तर में रहा हाईवे जाम

*सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर और सब कैटेगरी सिस्टम लागू करने के फैसले के विरोध में बुलाए गए भारत बंद का असर बिहार, झारखंड, राजस्थान जैसे कई राज्यों में देखने को मिला। बिहार-झारखंड में ट्रेनें रोकी गईं। राजस्थान में स्कूल बंद रहे। हालांकि छत्तीसगढ़ में बंद का कुछ खास असर नहीं दिखा। लेकिन आदिवासी क्षेत्र बस्तर में बंद का खासा असर रहा। यहां प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम कर रखा था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत बंद का सबसे ज्यादा असर बिहार और राजस्थान पर दिखाई दिया। बिहार में भारत बंद के दौरान विभिन्न जगहों पर सड़कों और रेल ट्रैकों को रोकने करने की कोशिश की गई। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस टीम ने लाठीचार्ज की। राजधानी दिल्ली में बंद का असर नहीं दिखा। पंजाब और हरियाणा में भारत बंद की अपील की गई है, लेकिन इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को नहीं मिला।

सामान्य जनजीवन में कोई बड़ी रुकावट नहीं आई, व्यापारिक गतिविधिया सामान्य रूप से जारी रहीं। उत्तर प्रदेश में भारत बंद के दौरान प्रदर्शन और मार्च आयोजित किए गए। विभिन्न संगठनों द्वारा अपने-अपने मुद्दों को लेकर सड़कों पर निकाले गए जुलूसों के बावजूद जनजीवन सामान्य रूप से चलता रहा। बाजार और स्कूल- कॉलेज खोलने पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सतर्कता दिखाई ▶▶| शेष पेज 4 पर


बस्तर में प्रदर्शनकारियों की ऐसी भीड़

### लाठीचार्ज के बीच एसडीएम भी पिट गए

पटना में बंद समर्थकों को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लोगों को काबू करने की कोशिश की लेकिन इसी बीच एसडीएम पर भी पुलिसवाले ने लाठी भांज दी। इसके बाद तीन पुलिसकर्मी एसडीएम को घेर कर चलते हुए नजर आए।



### ओडिशा में रेल सेवा प्रभावित

ओडिशा में भारत बंद के कारण सड़क और रेल सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित हुईं। विभिन्न संगठन और राजनीतिक दल अपने-अपने मुद्दों के साथ सड़कों पर उतरे, जिससे कुछ समय के लिए ट्रांसपोर्टेशन प्रभावित हुआ। हालांकि, आम जनजीवन सामान्य रहा और दुकानों और व्यवसायों पर बंद के अपील का कोई खास असर नहीं पड़ा।

दोपहर बाद कई इलाकों में खुल गई दुकानें

## शहरों में आंशिक असर बस्तर में डटी रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर
जगदलपुर/ डोंगरगांव

आरक्षण मुद्दे पर एसटी-एससी संगठनों के भारत बंद का छत्तीसगढ़ में मिलाजुला असर रहा। राजधानी रायपुर, बिलासपुर समेत शहरी इलाकों में बंद का खास असर नहीं रहा, पर बस्तर समेत आदिवासी इलाकों में बंद का बड़ा असर रहा। बस्तर इलाके में प्रदर्शनकारियों ने बीजापुर में नेशनल हाईवे घंटों तक जाम किया, जिसके कारण सड़क की दोनों ओर गाड़ियों की लंबी करातें लगी रहीं। वहीं राजनांदगांव में जैन समाज पर प्रदर्शनकारियों द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विवाद की स्थिति बन गई थी। कार्रवाई की मांग को लेकर जैन समाज के लोगों ने भी चक्का जाम कर दिया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रदर्शनकारियों ने रैली निकालकर विरोध जताया है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी वाहनों को रोका गया

जगदलपुर से नगरनार मार्ग पर आमागुड़ा चौक में, जगदलपुर से दंतेवाड़ा कोंटा मार्ग पर केशलूर चौक में, जगदलपुर, रायपुर मार्ग पर आसना में तथा कोंटा और बीजापुर मार्ग पर भी जगह-जगह युवाओं के सड़क में तख्ती लेकर जमे रहने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने जाने वाले बस, ट्रक से लेकर कार और अन्य वाहनों में सवार लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दूर सफर पर जाने वालों को घंटों सड़क पर मायूस होकर रुकना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### दो हाईकोर्ट के 11 अतिरिक्त न्यायाधीशों की पदोन्नति

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ न्यायाधीशों सहित दो उच्च न्यायालयों के 11 अतिरिक्त



न्यायाधीशों को बुधवार को स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। केंद्रीय कानून मंत्रालय के अनुसार आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को भी स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### शेख हसीना के खिलाफ अब तक 33 केस

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 86



अन्य के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। हसीना ने देश में हिंसक प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया था। तब से अबतक उनके खिलाफ कुल 33 मामले दर्ज किए गए हैं। जातीयतावादी छात्र दल के जुबेर अहमद ने अदालत में मामला दर्ज कराया।

### तालाब में डूबने से चार युवकों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के टोंक जिले के उनियारा थाना क्षेत्र में बुधवार



को चार युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मोहम्मदपुरा गांव में हंसराज, दिलखुश, विकास और विजय तालाब से भैंस निकालने गए थे, लेकिन वे कीचड़ में धंस गए और डूब गए। उन्होंने बताया कि चारों युवक 17-18 साल के आयु वर्ग के थे।

### वक्फ विधेयक मामले में पहली बैठक आज

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने के लिए




गठित संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक गुरुवार को होगी। इसमें इस समिति के सदस्य अल्पसंख्यक कार्य तथा विधि एवं न्याय मंत्रालयों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है।

शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा

## फार्मा कंपनी की फैक्ट्री में ब्लास्ट, 18 की मौत

**अचुतापुरम।** आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में बुधवार को एक फार्मा कंपनी के कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस घटना में 18 कर्मचारियों की मौत हो गई है। अनकापल्ली की जिलाधिकारी विजया कृष्णन ने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब सवा दो बजे एसेंटिया एडवांस्ड साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड के संयंत्र में हुई। फैक्ट्री में दो पालियों में 381 कर्मचारी काम करते हैं। विस्फोट दोपहर को भोजनावकाश के समय हुआ। इसलिए कर्मचारियों की उपस्थिति कम थी। उन्होंने कहा कि संदेह है कि विस्फोट बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ।



### फैक्ट्री में 2 शिफ्ट में होता है काम

फैक्ट्री में 381 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर हुआ। लंच टाइम होने की वजह से ज्यादातर कर्मचारी बाहर थे। कलेक्टर विजयन कृष्णन ने बताया कि 13 लोगों को रेस्क्यू किया गया।

कार में मिली स्टील कारोबारी के पुत्र की लाश

## व्यवसायी की हत्या, पेट व सीने में दागी तीन गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

सरगुजा में एक बार फिर गोलीकांड से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। शहर के मनेन्द्रगढ़ रोड निवासी युवा व्यवसायी अक्षत केडिया का शव शहर से लगे चठिरमा जंगल में कार से बरामद किया गया है। युवक के पेट व छाती पर तीन गोलियां मारकर उसकी हत्या की गई है। युवक मंगलवार की शाम से लापता था और परिजन द्वारा इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। इस बीच एक ▶▶| शेष पेज 4 पर

- जांच में जुटी पुलिस
- घटना से क्षेत्र में हड़कंप



### कांच तोड़कर निकाला शव

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी, एएसपी, फोरेंसिक की टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान युवक की कार अंदर से लॉक थी ऐसे में पुलिस ने कार का ▶▶| शेष पेज 4 पर

### चल रही है जांच

एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि परिजन ने युवक की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। एक संदेही को हिरासत में लेने के बाद युवक का शव बरामद किया गया है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

# शाह के प्रवास से पहले तगड़ी तैयारी, सीएम के सामने प्रेजेंटेशन, नक्सल मोर्चे का लिया ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रवास के पहले छत्तीसगढ़ में तगड़ी तैयारी की जा रही हैं। नक्सल मोर्चे पर मिल रहीं सफलताओं के साथ आगामी रणनीति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा की मौजूदगी में मंथन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों की ▶▶| शेष पेज 4 पर





### नियद नेल्लानार योजना

बताया गया है कि बस्तर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के संबंध में विस्तार से ब्योरा दिया गया है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के हितग्राहियों के लिए आरंभ की गई ''पीएम जनमन योजना'' की तरह इस योजना से कैंपों के निकट पांच ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गृहमंत्री ने कहा हम तैयार हैं

पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री श्री साय के साथ हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा भी शामिल थे। इस बैठक के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री शाह के 23 से 25 अगस्त के दौरा कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण बैठकें अलग-अलग विषयों पर होंगी। इन बैठकों में खासकर नक्सल मामलों पर बात होनी है। इन बैठकों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कल आएंगे शाह, कड़ी सुरक्षा, बड़ी तैयारी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 23 से 25 अगस् त, 2024 तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री शाह कई बैठकें लेने वाले हैं।

केन्द्रीय मंत्री का आगमन 23 अगस्त 2024 को रात्रि 10 बजे होगा। उनके छत्तीसगढ़ प्रवास का आधिकारिक कार्यक्रम जारी किया गया है। अपने प्रवास के दौरान केन् द्रीय गृह मंत्री 24 अगस्त को सुबह 10:30 बजे महाप्रभु वल्लभाचार्य ▶▶| शेष पेज 4 पर





CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS
SILVER COIN Assured Gift on Family Site Visit
CLASSIC LIFESTYLE
PROPERTY FEST
CLUB HOUSE MEMBERSHIP FREE
Upto 10gram GOLD COIN on Every Booking
*T&C APPLY
CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020 | https://rera.cgstate.gov.in
Premium Residential Zone Kachna में
Ready Possession House @40.40* Lakhs!
Premium Plots ALSO AVAILABLE
EXCLUSIVE AMENITIES
ALL ACTUAL IMAGES
Gymnasium
Rooftop Swimming Pool
Toddler's Play Area
Restaurant
Grand Entrance & Club Classico
Movie Theatre
Gazebo
Guest Rooms
FULLY DEVELOPED PLOTS
Sizes from 800 to 2400 Sq.Ft.
SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
300+ Happily Living Families
यहाँ है आपके अपनों की खुशी!
All Actual Images
Toddler's Play Area
Gazebo
Movie Theatre
Gymnasium
Indoor Games
Open Gym
Party Hall
Kid's Play Area
Club House & Swimming Pool
Actual Image
CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615 | https://rera.cgstate.gov.in
Come & Feel THE DIFFERENCE!
DEMO FLAT READY
2 & 3 BHK
SPACIOUS FLATS
₹41.51 LACS* ONWARDS
Kid's Play Area
Guest Rooms
Movie Theatre
Gymnasium
Lobby with Drop Off Zone
Sit Out Area
ALL CONCEPTUAL IMAGES
SCAN TO KNOW MORE
SUMEET LANDSCAPE
722 500 1000
BESIDE DPS SCHOOL, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR
CLASSIC CASTLE
901 902 1000
KACHNA, RING ROAD NO.3, MAIN ROAD, RAIPUR
CLASSIC TOWERS
951 610 1000
NEAR POLICE HOUSING SOCIETY, PANI TANKI ROAD, AMLIDIH, RAIPUR

रायपुर
गुरुवार 22 अगस्त 2024
भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 35
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 26.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

9
बांग्लादेश से छिनी महिला टी 20 विश्व कप..




विचार पेज
02 पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर

# नक्सलियों ने फिर लगाई जनअदालत, अपनी ही महिला साथी को दी सजा ए मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

पुलिस मुखबिर बताते हुए अपनी ही महिला साथी की नक्सलियों ने जनता के सामने जन अदालत लगाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को गांव की सड़क पर फेंक दिया। नक्सलियों का आरोप है कि संगठन में रहने के बावजूद वह पुलिस के मुखबिर के रूप में काम कर रही थी।

जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने जिस महिला नक्सली की जनअदालत लगाकर हत्या कर दी उसका नाम निलो उर्फ राधा बताया जा रहा है। उस पर संगठन में रहते हुए पुलिस के साथ मिलने व मुखबिरी करने का शक था। हत्या के बाद शव को चेन्नापुरम गांव के पास फेंक दिया, वहीं नक्सलियों ने शव के पास एक पर्चा भी छोड़ा है। तेलुगु भाषा में जारी पर्चे में बताया कि मृत महिला माओवादी हैदराबाद की रहने वाली थी। नक्सली संगठन में भर्ती होने के बाद इसे आंध्र प्रदेश व ओडिशा सरहद में भेजा गया था, जहां वह सक्रिय थी। नक्सली काफी समय से उस पर नजर रख रहे थे। इसके बाद माओवादियों ने तेलंगाना के चारला मंडल क्षेत्र के जंगल में जन अदालत लगाकर ग्रामीणों के समक्ष महिला माओवादी को मौत की सजा दे दी। हत्या के बाद शव तेलंगाना-छग राज्य की सीमा पर लाकर फेंक दिए। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद आगे की कार्रवाई कर रही है।

### खूफिया अधिकारियों के सम्पर्क में थी

आंध्र-ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी के सचिव गणेश ने पर्चा में बताया है कि अंबेडकर नगर, हैदराबाद निवासी निलो उर्फ राधा पिछले कुछ समय से तेलंगाना, एपी व छग पुलिस के खूफिया अधिकारियों के सम्पर्क में थी। इस दौरान वह पार्टी के कमजोर सदस्यों को संगठित कर संगठन के खिलाफ काम कर रही थी। वह वर्ष 2018 में संगठन में शामिल हुई थी। संगठन में रहने के दौरान अपने छोटे भाई सूर्यम को नौकरी, पैसा और एक शानदार जीवन का वादा करते हुए पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करा दिया था।

### छग के सरहद से लगे आंध्र व ओडिशा के नक्सल संगठन में सक्रिय थी मृतिका

■ क्रूरता : तेलंगाना के चारला मंडल क्षेत्र के जंगल में ग्रामीणों के सामने की हत्या



पर्चा जारी कर दी जानकारी

आंध्र-ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी के सचिव गणेश ने पर्चा जारी कर बताया कि हमने पुलिस मुखबिर के रूप में काम करने और क्रांतिकारी गद्दार बनने के कारण नील्सो उर्फ राधा को मार डाला है और उसके शव को चारला मंडल के चेन्नापुरम के उपनगरीय इलाके में फेंक दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल शव बरामदकर पंचनामा के बाद पीएम के लिए रवाना कर मामले की जांच कर रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गैस रिसाव से विस्फोट में पांच घायल



**पुणे।** पुणे शहर के समीप पिंपरी चिंचवाड़ में बुधवार को तड़के रसोई गैस के एक सिलेंडर से रिसाव होने के कारण हुए विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए। यह घटना पिंपरी के बौद्ध नगर स्थित एक कमरे में सुबह करीब साढ़े पांच बजे घटी। इसी कमरे में पीड़ित रहते थे।

### लापता विमान की तलाश में एनडीआरएफ भी शामिल



**जमशेदपुर।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के एक हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लापता हुए दो सीट वाले विमान का पता लगाने के लिए एनडीआरएफ की एक टीम बुधवार को खोज अभियान में शामिल होगी। लापता विमान की तलाश के लिए मंगलवार मध्यरात्रि तक अभियान चलाया गया।

### कार और ट्रक के बीच टक्कर, चार की मौत




**इटावा।** यूपी के इटावा जिले में बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-दो पर एक कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना सुबह इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के इटावा-कानपुर कैरेज वे पर हुई।

### ड्रग्स तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**पणजी।** एनसीबी ने गोवा में दो लोगों को गिरफ्तार कर नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। आरोपियों से नौ लाख रुपये की चरस बरामद की है। दोनों आरोपी केरल के मूल निवासी हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश से मादक पदार्थ मंगाया था।

### सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत चार की मौत



**रुद्रपुर।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में तड़के एक कार और एक ई-रिक्शा की आमने-सामने हुई टक्कर में एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। अटरिया रोड के पास नैनीताल राजमार्ग पर हुई यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## छह दिन की रिमांड पर आरोपी, पीड़ितों का बयान लेने पहुंचे एसआईटी

# बदलापुर में बवाल के बाद इंटरनेट बंद 300 प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶| ठाणे

*महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में 4 साल की दो बच्चियों के साथ हुई घिनौनी हरकत को लेकर लोगों में जबर्दस्त आक्रोश है। आरोपी को 6 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। इधर, मामले को लेकर ट्रेन रोकने और स्कूल घेरने वाले 300 प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने पांच केस दर्ज किए हैं, वहीं 72 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।*

खास खबर

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ व्यापक पैमाने पर प्रदर्शनों के मद्देनजर बुधवार को शहर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं और अधिकतर स्कूल बंद रहे। मंगलवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान रेलवे स्टेशन और बदलापुर के अन्य हिस्सों में पथराव की घटनाओं में शहर पुलिस के कम से कम 17 कर्मी और करीब आठ रेलवे पुलिसकर्मी घायल हो गए और जांचकर्ताओं ने हिंसा के सिलसिले में 72 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बदलापुर में बच्चियों का सफाईकर्मी द्वारा कथित यौन उत्पीड़न किये जाने के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को बदलापुर रेलवे स्टेशन की पटरियों को अवरुद्ध कर दिया था।

### पुलिस ने 5 एफआईआर दर्ज की

- बदलापुर पूर्व में सेक्सुअल असॉल्ट केस
- बदलापुर ईस्ट में तोड़फोड़ केस
- बदलापुर वेस्ट में तोड़फोड़ के मामले में एफआईआर
- बदलापुर रेलवे स्टेशन के पुलिस स्टेशन में तोड़फोड़ पर केस
- रेलवे स्टेशन रेल रोकने के मामले में केस




### प्रदर्शन में 17 पुलिसकर्मी घायल

बदलापुर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, दो बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ मंगलवार को बदलापुर में विरोध प्रदर्शन के दौरान गुस्साई भीड़ के पथराव में दो अधिकारियों सहित कम से कम 17 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### सीसीटीवी से की पहचान

पथराव और अन्य अपराधों के सिलसिले में अब तक कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य अपराधियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। सीसीटीवी फुटेज और समाचारों की 'वीडियो क्लिप' देखी जा रही हैं। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त रवींद्र शिसवे ने बताया कि बदलापुर रेलवे स्टेशन पर हुई हिंसा के सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### स्कूलों के कैमरे बंद तो होगी कार्रवाई

महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने स्कूलों में 'विशाखा समितियां' बनाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में लगे सीसीटीवी कैमरे काम नहीं करने की स्थिति में कार्रवाई होगी। केसरकर ने कहा कि बदलापुर स्कूल में प्रशासक की नियुक्ति की घोषणा की है। कल प्रशासक बदलापुर स्कूल पर नियंत्रण कर लेगा।

### 24 अगस्त को 'महाराष्ट्र बंद'

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी ने घटना के विरोध में 24 अगस्त को 'महाराष्ट्र बंद' का आह्वान किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया कि एमवीए के घटक दलों- कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा- एसपी) ने यहां एक बैठक में यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि एमवीए के सभी सहयोगी दल 24 अगस्त को बंद में भाग लेंगे।

45 सालों में पहली बार पोलैंड में भारतीय पीएम

## भारतीयों के बीच पीएम मोदी, कहा भारत चाहता है सभी का विकास



एजेंसी ▶▶| वारसॉ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में आज पोलैंड की राजधानी वारसॉ पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत सभी से जुड़ना चाहता है, आज का भारत सभी का विकास चाहता है। पहले दशकों तक भारत की नीति सभी से समान दूरी बनाकर रखने की थी, आज भारत की नीति सभी देशों के करीब जाने की है। भारत इस क्षेत्र में शांति की पैरवी करता है, भारत की अवधारणा स्पष्ट है- यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि अगर कोई देश संकट का सामना करता है तो मदद के लिए सबसे पहले भारत हाथ बढ़ाता है। गौरतलब है कि पिछले 45 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है।

### द्विपक्षीय मित्रता को गति मिलेगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोलैंड की उनकी पहली यात्रा द्विपक्षीय मित्रता को गति प्रदान करेगी। दोनों देशों के लोगों को लाभान्वित करेगी। वह दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में यहां पहुंचे हैं और यूक्रेन की राजधानी कीव भी जाएंगे। पोलैंड में अपने प्रवास के दौरान मोदी राष्ट्रपति आंद्रजेज सेबेस्टियन डूडा से मिलेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी ने कहा कि वह पोलैंड की राजधानी में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर उत्सुक हैं।

### युद्ध भूमि यूक्रेन पर रखेंगे कदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन के दौरे के बीच माहौल गरमा गया है। यूक्रेन और रूस के बीच छिड़े युद्ध के बाद ही नहीं, 30 सालों बाद भी यह भारत के किसी पीएम की ओर से पहली यात्रा है। 30 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन का दौरा करने जा रहे हैं। इस बीच रूस ने कहा है कि वह ईस्ट यूक्रेन में आगे बढ़ रहा है और यूक्रेन के उसके घर में भीतर तक घुस आने के बाद अलग स्ट्रेटिजी के साथ काम कर रहा है जबकि यूक्रेनी सेना भी तेजी से रूसी सेना को खदेड़ने में जुटी हुई है।

रक्षाबंधन के दिन बड़ी वारदात

## आदिवासी महिला को बंधक बनाकर गैंगरेप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन एक आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप की घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। 27 वर्षीय महिला जब अपने घर से रायगढ़ लौट रही थी, तब कुछ मनचले युवकों ने उसका रास्ता रोककर बंधक बनाते हुए घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के अगले दिन 21 अगस्त को आरोपियों को डॉक्टरी मुलाहिजा के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी कर रही है। घटना में डेढ़ दर्जन युवक शामिल बताए जा रहे हैं। गैंगरेप की घटना के बाद से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों की निगाहें पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने गठित की कमेटी

कांग्रेस ने जांच दल का गठन किया है। सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े को कमेटी का संयोजक नियुक्त करते हुए 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है, जिसमें लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, सराईपारी विधायक चातुरी नंद, सरसींवा विधायक कविता प्राण लहरे और सारंगढ़ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार को सदस्य बनाया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

राहुल चौहान 19 वर्ष, मोनू साहू 23 वर्ष, राहुल खड़िया 19 वर्ष, उत्तम मिर्धा 20 वर्ष, नरेंद्र सिदार, 23 वर्ष, बबलू देहरिया, 19 वर्ष, एक नाबालिग।

### फरार आरोपियों की तलाश जारी

बीते 19 अगस्त को पीड़ित महिला ने थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने गैंगरेप की धारा 70/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया और 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

-डा. दिव्यांग पटेल, एसपी, रायगढ़

एसपी ने कलेक्टर को लिखी चिट्ठी

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में नहीं उड़ा कबूतर, एसपी बोले-कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंगेली

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में एसपी गिरिजा शंकर जायसवाल के हाथों कबूतर नहीं उड़ने की घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। एसपी ने कलेक्टर राहुल देव को पत्र लिखकर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। एसपी श्री जायसवाल ने कलेक्टर राहुल देव को पत्र में लिखा है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह ▶▶|शेष पेज 4 पर




### पंख फंसने की वजह

इस संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं मुंगेली डॉ. आरएन त्रिपाठी ने बताया कि विभाग द्वारा स्वस्थ कबूतर उपलब्ध कराया गया था। पंख फंस जाने की वजह से कबूतर उड़ नहीं पाया।

*बालोद जिले के प्राथमिक शाला कोरगुड़ा में हादसा*

## स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, चार बच्चे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जर्जर स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से पांचवी कक्षा के चार बच्चे घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 18 किमी दूर डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम कोरगुड़ा की है। प्रकरण में स्कूल की प्रधान पाठक तुलसी देवी गोयल और संकुल समन्वयक शवंत निर्मलकर को निलंबित कर दिया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला कोरगुड़ा का भवन जर्जर स्थिति में है। यहां कक्षा पांचवीं में पढ़ रहे 4 बच्चों पर छत का प्लास्टर उखड़कर गिर गया। इसके कारण चार बच्चे धर्मेंद्र देवांगन, ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ प्रधान पाठक और संकुल समन्वयक किए गए निलंबित



इस साल ब्रजमंडल में श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव

## मथुरा में 26, वृंदावन में 27 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

एजेंसी ▶▶| मथुरा

इस साल भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव ब्रजमंडल में दो दिन मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व 26 और 27 अगस्त दोनों दिन मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर सोमवार 26 अगस्त को त्योहार मनाने की बात कही जा रही है, जबकि श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहे जाने वाले वृंदावन में 27 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इसके चलते पूरे मथुरा-वृंदावन में तैयारी शुरू कर दी गई है। श्रीकृष्ण जन्म स्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि यह श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव है तो इस बार कुछ न कुछ खास जरूर होगा। इस बार ▶▶|शेष पेज 4 पर



### बांके बिहार मंदिर में 27 को त्योहार

विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव 27 अगस्त को मनाया जाएगा। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत पुजारी मयंक विजय गोस्वामी ने बताया कि बिहारी जी की सुबह शृंगार आरती से लेकर रात्रि की शयन आरती होगी। सामान्य दर्शन के बाद रात 12 बजे बिहारी जी का बाला महाभिषेक होगा, जो कि साल में एक बार होता है। इस अभिषेक के बाद रात 2 बजे पीली पीताम्बरी पोशाक में बिहारी जी की मंगला आरती पर दर्शन खुलते हैं।

### भव्य झांकियां निकाली जाएगी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा निकाले जाने वाली इस शोभा यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यह यात्रा श्री कृष्णा स्थान के मुख्य प्रवेश द्वार से पोतरा, कुंड गोविंद नगर, महाविद्या कॉलोनी होते हुए डीग गेट पुलिस चौकी पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर समाप्त होगी।

### प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पिटाई, वीडियो वायरल



**राजनांदगांव।** प्रेम प्रसंग के मामले में युवती के परिजनों द्वारा एक युवक की बेदम पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। घटना सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र के रंगकठेरा गांव के समीप का है। वहीं मामला बीते 15 अगस्त का बताया जा रहा है, जहां युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचा हुआ था। इसी दौरान युवती के परिजनों को युवक के आने की भनक हो गई और युवती के परिजनों ने उसे सबक सिखाने के लिए मौके पर पहुंचकर युवक की जमकर पिटाई कर दी।

## चिंतन

# धार्मिक कट्टरता की हद पार कर रहा पड़ोसी पाकिस्तान

जब 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ तो इसके धर्मनिरपेक्ष संस्थापकों ने इस्लामिक राज्य की बात नहीं की थी। मुहम्मद अली जिन्ना ने कहा था कि नए देश में गैर-मुस्लिम समान नागरिक होंगे। अपने इन्हीं विचारों पर चलते हुए जिन्ना ने बहु-धर्मीय राज्य स्थापित करने की कोशिश की, और पाकिस्तान के पहले मंत्रिमंडल में एक हिंदू, कई शिया और एक अहमदी को नामित किया गया। हालांकि, आज पाकिस्तान धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव और उत्पीड़न का गढ़ बन गया है। पूरे देश में, शिया मुसलमानों को सुन्नियों द्वारा बदनाम करने वाले अभियानों का सामना करना पड़ रहा है जो उन्हें गैर-मुस्लिम घोषित करने का प्रयास किया जाता है। अहमदी- जो उपमहाद्वीप पर मुस्लिम मातृभूमि बनाने की जिन्ना की खोज में उनके सबसे उत्साही समर्थकों में से थे, अब पूरी तरह से प्रतिनिधित्वहीन हैं, आधुनिक पाकिस्तान में वस्तुतः बहिष्कृत के रूप में रह रहे हैं। इसके अलावा, पाकिस्तानी सरकार की नीतियां और संस्थाएं गहराई से सांप्रदायिक हो गई हैं, और कैबिनेट-स्तर पर गैर-सुन्नी मुस्लिम प्रतिनिधित्व केवल प्रतीकात्मक नियुक्तियों तक सीमित है। अगर मुस्लिम समाज के ही एक हिस्से का यह हाल है तो अन्य धर्म से जुड़े हिंदू, सिख, पारसी, जैन समाज की हालत क्या होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब एक नया मामला सामने आया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सैकड़ों कट्टरपंथियों की भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर धावा बोल दिया। वे पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा के ईशनिंदा से जुड़े एक फैसले पर नाराज थे। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान के चीफ जस्टिस का इस्तीफा मांग रहे थे। उनकी अदालत का फैसला पलटने की भी मांग थी। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का सुरक्षा घेरा तोड़ा। उन्हें कोर्ट में घुसने से रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन आलमी मजलिस ने सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले की समीक्षा के लिए 7 सितंबर तक का वक्त दिया है। बताया जा रहा है कि एफसीर-ए-सगीर, अहमदिया समुदाय से जुड़ी एक धार्मिक किताब है। इसमें अहमदिया संप्रदाय के संस्थापक के बेटे मिर्जा बशीर अहमद ने कुरान की व्याख्या अपने हिसाब से की है। सानी को कुरान (प्रिंटिंग एंड रिकॉर्डिंग) (संशोधन) एक्ट, 2021 के तहत गिरफ्तार किया गया था। सानी ने अदालत में दलील दी कि उसे जिस एक्ट के तहत सजा दी जा रही है वह 2019 में था ही नहीं। वह तब अपने धर्म से जुड़ी किताब का प्रचार करने के लिए आजाद था। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील पर सहमति जताई और उसे रिहा कर दिया। इस फैसले से धार्मिक संगठन नाराज हो गए। उन्होंने इसकी अलग तरह से व्याख्या करते हुए कहा कि अदालत ने यह माना है कि अहमदिया समुदाय अपनी मस्जिदों के बाहर धर्म का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकते हैं। मतलब यह है कि वे अपनी मस्जिद में अपने मजहब का पालन कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में ऐसी कट्टरता देखी गई हो। ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। वहां हिन्दू, सिख, पारसी महफूज नहीं है और लगातार पलायन कर रहे हैं। कट्टरता का इससे दर्दनाक उदाहरण क्या होगा कि वहां के एक हिन्दू पूर्व सांसद भागकर हरियाणा के फतेहाबाद में आ गए और मजदूरी करके पेट पाल रहे हैं। उनका कहना था कि वहां उनका परिवार सुरक्षित नहीं था। वहां विश्वविद्यालय को मदरसे से कम आंका जाता है। भविष्य में भी सुधार की गुंजाइश नहीं है।

# पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की संपूर्ण देश में 300वीं जन्म-जयंती मनाई जा रही है। अनेक सामाजिक संस्थाएं एवं महिला संगठन उनके जयंती वर्ष में उनके अलग-अलग गुणों को प्रकट करने वाले कार्यक्रम एवं गोष्ठियो का आयोजन कर रहे हैं। अनेक सरकारें भी महारानी अहिल्याबाई के सुशासन, नगरीय विकास, रोजगार परक उद्योगनीति जैसे विषयों पर संवाद आयोजित कर रही हैं। महारानी का जीवन एवं शासन शैली संवेदनशील, सादगी, सहजता, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थी। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें 'दार्शनिक रानी' ( The Philosopher Queen) की उपाधि दी।

अहिल्या बाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीला बाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्म स्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया। युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा। अपने जीवनकाल में उन्होंने श्वसुर मल्हारराव होल्कर,नवासे (पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते-सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़ कर चली गई।

पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजा वत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। अपनी धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की। उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह माँ नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सके। माँ नर्मदा के किनारे उनका महल एक सर्वस्वत्यागी सन्यासिनी का महल था। जिसमें उन्होंने अपनी आयु के 28 वर्ष व्यतीत किए थे।

देश की सरकारें वर्तमान समय में अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में समाज के जिस पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं लघु उद्योग केंद्रित नीतियों का विचार करती हैं। आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस दूरदृष्टि का परिचय देते हुए 1745 में एक राजज्ञा द्वारा बुनकर, सुतार, कारीगरों को महेश्वर में निवास करने का आग्रह किया। आर्थिक विकास की दिशा में उनके द्वारा की गई अनेक पहल में से एक महेश्वर में निर्मित साड़ी आज भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। जिसे महेश्वरी साड़ी के नाम से जाना जाता है। इस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वह स्वयं भी वहाँ निर्मित वस्त्र पहनती थी एवं देश- विदेश से आने वाले महानुभावों को भेंट स्वरूप इन्हीं वस्त्रों को प्रदान भी करती थी। प्राकृतिक आपदा में किसानों का सहयोग, सेना आवागमन से होने वाली फसलों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था भी उन्होंने की थी। आत्म निर्भरता के साथ-साथ शिक्षा का केंद्र महेश्वर बने इसके लिए विद्वानों, धर्माचार्यों को बुलाकर संस्कृत पाठशाला प्रारंभ करने का कार्य भी उनके द्वारा हुआ।



मल्हार राव के युद्ध अभियानों पर जाने के उपरांत महारानी अहिल्याबाई राज्य का संचालन भी कुशलता के साथ करती थी। पत्राचार के माध्यम से मल्हार राव को अपने राज्य के समाचार भेजना एवं प्रत्युत्तर में राज्य संचालन के लिए सुझाव लेना यह उनकी नियमित प्रक्रिया थी। सेवा एवं रसद सामग्री का प्रबंध,कर वसूली आदि की व्यवस्था बड़ी निपुणता के साथ उन्होंने की थी।

महारानी स्त्री होने के बाद भी न केवल राज्य संचालन में निपुण, बल्कि एक कुशल योद्धा भी थी। बचपन में ही सैन्यशिक्षा, घुड़सवारी, शस्त्र संचालन उन्होंने सीखा था। राघोवा के आक्रमण के समय अपने राज्य की रक्षा के लिए कूटनीति का परिचय देते हुए उन्होंने पुराने संबंधों के आधार पर सिंधिया, भोंसले, गायकवाड आदि का सहयोग माँगा। राघोवा को उचित दंड देने के लिए 500 महिलाओं की सैन्य टुकड़ी को प्रशिक्षित भी किया। राघोवा को उनके द्वारा लिखा पत्र आज भी उनकी कूटनीतिक दूरदर्शिता को प्रकट करता है। जिसमें उन्होंने लिखा कि "आप मुझे अबला समझकर राज्य हड़पने के लिए यहां आए हैं लेकिन मेरी शक्ति आपको युद्ध क्षेत्र में ज्ञात होगी। मैं महिला सेना के साथ आपका मुकाबला करूंगी। यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तब मेरी हंसी और आपकी प्रशंसा कोई नहीं करेगा और यदि आप युद्ध में हार गए तो आप कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे।" केवल राघोवा ही नहीं अपने राज्य की सीमाओं पर राजस्थान की ओर से मिलने वाली चुनौती का भी उन्होंने साहस के साथ सामना कर शत्रु को कुचलने का कार्य किया। सेना का संचालन, सैनिकों की चिकित्सा आदि भी उन्होंने कुशलता के साथ की। नाना फड़नवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि "अब तक देवी अहिल्याबाई की धार्मिकता की प्रशंसा तो हम सुनते आए हैं मगर हम नहीं जानते थे कि वह बहादुर भी हैं अपने शत्रुओं के दांत खट्टे कर सकती हैं।"

महारानी अहिल्याबाई का शासन कठोर एवं न्याय प्रिय शासन था। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच - नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर चोरों के भय से जनता को मुक्ति प्रदान करने वाले नौजवान से अपनी पुत्री का विवाह किया। गरीब एवं कमजोर लोगों की सेवा में वह हमेशा तत्पर रहती थी। पति की मृत्यु के पश्चात पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार की व्यवस्था एवं स्त्री को दत्तक लेने का अधिकार देना यह उनके महिला सशक्तिकरण के उदाहरण है। उनके राज्य में रहने वाले भीलों (जनजाति) को अपराध मुक्त करने के लिए कृषि के औजार उपलब्ध कराकर सशक्त करने का कार्य उन्होंने किया। अपराध करने पर कठोर दंड एवं समस्याओं का त्वरित समाधान यह उनके शासन की विशेषता थी। पक्षपात रहित सभी को समान न्याय उनके शासन में था। इसके लिए अपने सेनापति के पुत्र को भी अपराध करने पर उन्होंने जेल में डलवा दिया था। प्रजा को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्होंने की थी।अपने राज्य कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील एवं आत्मीयता पूर्ण व्यवहार, युद्ध में वीरगति पाने वाले सैनिक परिवारों के कल्याण की व्यवस्था को राज्य कोष से करने का प्रबंध उन्होंने किया था। अपने प्रति कठोर जीवन जीते हुए , प्रजा का पुत्र की तरह पालन, लोक कल्याण की योजनाएं एवं न्यायप्रियता के कारण उनको लोकमाता की उपाधि मिली।

राज्य संचालन में अनेक गुण होने के बाद भी उनका शासन मूलतःधर्म अधिष्ठित शासन था। जहां उनके व्यक्तिगत जीवन में सेवा, त्याग -तपस्या एवं दान का महत्व था वहीं उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार, उनकी स्थायी आर्थिक व्यवस्था,यात्रियों के लिए विश्राम स्थल एवं अन्न क्षेत्र स्थापित कराए। अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर वह उनके प्रतिनिधि के रूप में शासनचलातीं थी। हिमालय में स्थित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ, दक्षिण में रामेश्वरम, पश्चिम में द्वारिका से लेकर पूर्व में जगन्नाथ पुरी तक उनके द्वारा चलाएं सेवा कार्य आज भी प्रसिद्ध है। तीर्थ स्थानो पर गंगा जल भिजवाने की व्यवस्था देश को एकसूत्र में बांधती दिखाई देती है। काशी विश्वनाथ मंदिर केजीर्णोद्धार सहित देश के लगभग समस्त तीर्थ क्षेत्रों के विकास, हरिद्वार के गंगा घाटों सहित देशभर की नदियों के किनारे सैकड़ों स्थानों पर उन्होंने पक्के घाटों का निर्माण कराकर तीर्थ यात्रियों के उचित स्नान की व्यवस्था करायी। समस्त अगणित धार्मिक कार्य वह अपने भाग में प्राप्त संपत्ति के द्वारा कराती थी। वह दीन- दुखी, गरीबों के लिए समर्पित निष्ठावान कर्मयोगी थी।

दक्षिण के प्रसिद्ध इतिहासकार रायबहादुर चिंतामणि विनायक वैद्य ने महारानी के संदर्भ में लिखा है कि वह लोकोत्तर स्त्री अपने अनेक गुणों के कारण महाराष्ट्र के लिए ही नहीं वरन समूची मानव जाति के लिए भूषण रूप हुई है। इंदौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने उद्बोधन में कहा था कि "मैं देवी अहिल्याबाई को भी नमन करता हुँ उनका पुण्यस्मरण करता हूं। देवी अहिल्याबाई ने शासन संचालन में छोटी-छोटी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, उनके जीवन का एक-एक अध्याय इतना प्रेरक होता है कि आने वाली पीढ़ियों को उनसे सीख मिलती रहेगी। लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300 वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए विश्वकल्याण करने का संकल्प लें। महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी 300वीं जन्म-जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

*-भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री*

## स्वरूप

डॉ. विशेष गुप्ता



# ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा के भंवर में फंसा छात्र


कोरोना काल ने जिसे सबसे अधिक प्रभावित किया वह शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पठन-पाठन का स्वरूप रहा है। प्राथमिक स्कूल की शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक भी इस काल में प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकी। परन्तु इस कालखंड में ऑनलाइन शिक्षा का ऐसा महिमामंडन किया गया जैसे भारत की परम्परागत शिक्षा अपने नये स्वरूप में ऑनलाइन शिक्षा का ढांचा लेकर स्वदेशी शिक्षा का ही अहसास करा रही हो। आज भी देखने में आ रहा है कि शिक्षक, छात्र व अभिभावकों ने भी शिक्षा की समस्त समस्याओं का समाधान इस ऑनलाइन शिक्षा को ही मान लिया है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या ऑफलाइन शिक्षा को छोड़कर इस ऑनलाइन शिक्षा में छात्र के साथ-साथ देश व समाज की सभी समस्याओं का हल मौजूद है। क्या ऑनलाइन शिक्षा ऑफलाइन अथवा कक्षीय शिक्षा का सही विकल्प हो सकती है ? क्या ऑनलाइन शिक्षा भारतीय परिवेश की मूल शिक्षा के समानान्तर खड़ी हो सकती है? ये कुछ ऐसे सामयिक प्रश्न हैं जिनका उत्तर समय रहते खोजना समीचीन प्रतीत होता है। दरअसल, इन प्रश्नों का उत्तर खोजने के लिए हमें शिक्षा के कुछ मूल व प्राथमिक उद्देश्यों को जानना व समझना होगा। यहां हम भारतीय ज्ञान परम्परा में समाहित प्रमुख रूप से शिक्षा के तीन उद्देश्यों की चर्चा करेंगे।

शिक्षा के प्रथम उद्देश्य व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि कक्षा शिक्षण द्वारा छात्र को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं दिया जाता, बल्कि साथ ही उसके व्यक्तित्व को निखारने और उसके चारित्रिक गुणों के विकास की प्रक्रिया भी निरन्तर चलती रहती है। शिक्षा के ऑफलाइन प्रकार में शिक्षक का आचरण और उसके संतुलित व्यवहार के प्रत्यक्ष पहलू भी छात्रों को प्रभावित करते हैं। संस्था के परिसर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों का आपसी संवाद, बहस, विवेचन तथा तर्क प्रस्तुति इत्यादि छात्र के संतुलित व्यक्तित्व के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। संस्था में सम्पन्न होने वाली विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियां छात्र के व्यक्तित्व को समृद्ध बनाती हैं। ऑनलाइन शिक्षा में गतिविधियां लगभग शून्यता लिए हुए रहती हैं। इस परिस्थिति में छात्र गूगल अथवा इन्टरनेट के अन्य माध्यमों से सैद्धान्तिक ज्ञान तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन वहां मानवीय व एकल व्यक्तित्व के निर्माण की प्रक्रिया नगण्य ही रहती है। शिक्षा का दूसरा उद्देश्य समाज का कल्याण है, जो पहले लक्ष्य से ही जुड़ा हुआ है। अगर व्यक्ति में सामाजिक जीवन के लिए जरूरी गुण जैसे सामूहिकता,भ्रातृ भाव, सहिष्णुता व आपसी सद्भाव इत्यादि ठीक से विकसित न हो पाएं तो समाज भौतिक स्तर पर भले ही सम्पन्न हो जाएं, लेकिन उसमें अनेक प्रकार की विसंगतियां रहेंगी और जो विविध प्रकार की सामाजिक समस्याओं को जन्म देंगी। शिक्षा का तीसरा उद्देश्य ज्ञान का विकास भी ऑनलाइन पद्धति में एक सीमा तक ही संभव है। उसमें पुस्तकीय सैद्धांतिक ज्ञान तो हासिल होगा, लेकिन व्यावहारिक ज्ञान से अपेक्षाकृत छात्र वंचित ही रहेंगे। देखा जाये तो विज्ञान, तकनीक और चिकित्सा जैसे विषयों की पढ़ाई तो इन विषयों के व्यावहारिक ज्ञान के बिना न तो संभव होगी और न ही पूर्णता प्राप्त करेगी। छात्रों के ज्ञान के परीक्षण में भी ऑनलाइन पद्धति पूरी तरह से सफल नहीं है। ऑनलाइन शिक्षा में आमतौर पर वस्तुनिष्ठ प्रारूप में परीक्षाएं होती हैं। इसमें ऑफलाईन परीक्षा की तरह विद्यार्थियों के संपूर्ण विवेचन और समालोचनात्मक दृष्टिकोण का सम्यक परीक्षण नहीं हो पाता। शिक्षा के अन्य उद्देश्यों में एक अन्य उद्देश्य रोजगारपरक शिक्षा भी है। परन्तु यहां कहना न होगा कि विशुद्ध ऑनलाइन डिग्री से जुड़ी शिक्षा इसमें ज्यादा कारगर सिद्ध नहीं होगी। मल्टीटास्किंग के वर्तमान कालखंड में विशुद्ध सैद्धान्तिक ज्ञान से ज्यादा व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक कौशल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो ऑनलाइन में कमोबेश अधूरा ही रह जाता है।

आज ऑनलाइन शिक्षा को वर्तमान आधुनिक शिक्षा के लिए एक अचूक औषधि माना जा रहा है। अब प्रश्न उठता है कि क्या ऑनलाइन शिक्षा को बिल्कुल खारिज कर दिया जाए? नहीं। निश्चित ही यह शिक्षा उन कामकाजी लोगों के लिए बहुत लाभकारी है जिनके लिए नियमित शिक्षा प्राप्त करना एक कठिन कार्य है। नए तरह के रोजगार पाने अथवा प्रमोशन में ऑनलाइन शिक्षा से जुड़े प्रोग्राम उनके लिए बहुत सहायक सिद्ध होंगे। कहा जा सकता है कि छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा की तुलना में ऑफलाइन शिक्षा के प्रतिमान को अधिक महत्व दिए जाने की आवश्यकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# काम करते रहना ज्यादा महत्वपूर्ण



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## स्वर्ण आभूषण



*सुनार संजय नाना वेदक ने बुधवार को मुंबई में अपनी दुकान पर भगवान गणेश की मूर्ति के लिए अपने द्वारा तैयार किए गए आभूषणों को प्रदर्शित किया। वह तीन दशकों से अधिक समय से गणेश की मूर्तियों के लिए सोने और सोने की परत चढ़े आभूषण बना रहे हैं।*

## आज की पाती

### मनुष्य जन्म का महत्त्व समझें

श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है कि 'बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। साधन धाम मोच्छ कर द्वारास पाइ न जेहिं परलोक संवारा॥' अर्थात हमें मनुष्य का तन मिलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यह तन देवताओं के लिए भी दुर्लभ होता है। मनुष्य तन से ही हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। हमें जो अपने अच्छे कर्मों से मनुष्य का जीवन सौभाग्य से मिला है, इसका हमें उचित प्रयोग करना चाहिए, अनुचित काम करके इस मनुष्य जीवन को नष्ट नहीं करना चाहिए। भगवान के दिए अनमोल इनसानी जीवन को आत्महत्या द्वारा समाप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नैतिकता और हर मुसीबत का सामना करने का सबक पढ़ाएं, ताकि बच्चे जिंदगी में कभी कोई गलत राह न चुनें। *- कमलेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### यूक्रेन का दौरा



मैं ज़ेलेंस्की राष्ट्रपति के निमंत्रण पर यूक्रेन का दौरा करूंगा। यह यात्रा उनके साथ पहले हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने और भारत-यूक्रेन मित्रता को गहरा करने का अवसर होगी। हम यूक्रेन में चल रहे शांतिपूर्ण समाधान पर भी दृष्टिकोण साझा करेंगे। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जातिगत गिनती



संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की 'लेटरल एंट्री' जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम कर के दिखाएंगे। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - 50% आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। **-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### खुशी की बात



मलेशिया के प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य और खुशी की बात थी। मलेशिया में सबसे बड़ा बायोफार्मा निवेश है। हमने आयात को प्रतिस्थापित करते हुए एशिया की सबसे बड़ी इंसुलिन सुविधाएं बनाई हैं और वैश्विक स्तर पर इंसुलिन का निर्यात भी किया है। **- किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी**

### 'इमरजेंसी' का प्रचार



क्या आप कलर्स टीवी पर लाफ्टर शेफ्स देखते हैं? वहां मेरी फिल्म इमरजेंसी का प्रचार हो रहा है, गणेश चतुर्थी एपिसोड देखें। **-कंगना रनौत, फिल्म अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन की पश्चिम एशिया की यात्रा समाप्त



गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की पश्चिम एशिया की नौवीं यात्रा समाप्त हो गई, लेकिन इस दौरान इजराइल और हमास के बीच संघर्ष-विराम समझौता नहीं हो सका। हमास और इजराइल द्वारा चुनौतियां बरकरार रहने के संकेत दिए जाने के बीच ब्लिंकन ने मंगलवार को कहा कि समझौते को इसी 'समय करना बहुत महत्वपूर्ण है।'' ब्लिंकन ने सहयोगी मध्यस्थ देशों मिस्र और कतर में बैठकों के बाद कहा कि चूंकि, इजराइल ने हमास के साथ मतभेदों को पाटने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, इसलिए अब 'हमास को साथ लाने' के लिए हर संभव प्रयास करने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित है कि दोनों पक्ष समझौते के कार्यान्वयन संबंधी मुख्य बिंदुओं पर सहमत हों। उन्होंने कतर से जाने से पहले पहले संवाददाताओं से कहा, ''हमारा संदेश सरल, स्पष्ट और अत्यावश्यक है।' ब्लिंकन ने कहा, 'हमें संघर्ष-विराम और बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते को अंतिम रूप देने की आवश्यकता है, और हमें इसे अभी करना होगा। इसे इसी समय करना अहम है।' ईरान और लेबनान में हमास और हिजबुल्ला के दो शीर्ष कमांडर की हाल में निशाना बनाकर हत्या किए जाने से समझौते की आवश्यकता और बढ़ गई है।

## ऑफ बीट

# पुरुषों में होती है जैविक घड़ी क्षमता होती है प्रभावित



हम महिलाओं की जैविक घड़ी के बारे में बहुत कुछ सुनते हैं और कैसे उम्र गर्भधारण की संभावना को प्रभावित करती है। नए शोध से पता चलता है कि पुरुषों की प्रजनन क्षमता भी उम्र से प्रभावित होती है। जब पुरुष की उम्र 50 से अधिक हो, तो उसकी पत्नी को गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। 2011 और 2022 के बीच अमेरिका में चार करोड़ 60 लाख से अधिक जन्मों के डेटा में 30 साल के पिता की तुलना 50 साल के पिता से की गई। मां की उम्र और गर्भावस्था के परिणामों को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए, शोधकर्ताओं ने पाया कि माता-पिता की उम्र में हर दस साल की वृद्धि अधिक जटिलताओं से जुड़ी हुई थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि उन जोड़ों की तुलना में जहां पिता की उम्र 30-39 थी, उन जोड़ों की तुलना में जहां पिता की उम्र 50 के आसपास थी, समय से पहले जन्म का जोखिम 16% बढ़ गया था जन्म के समय कम वजन का खतरा 14% बढ़ गया गर्भावधि मधुमेह में 13% की वृद्धि। अपने युवा समकक्षों की तुलना में अधिक उम्र के पिताओं द्वारा गर्भधारण के लिए आईवीएफ सहित सहायक प्रजनन तकनीक का उपयोग करने की संभावना दोगुनी थी।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

*खेलों के दंगल में विरोधियों को धूल चटाने वाले हरियाणा के छह से अधिक खिलाड़ी इस बार विधानसभा चुनाव की सियासी पिच पर दम दिखा सकते हैं। अलग-अलग दल अलग-अलग खिलाड़ियों को साधने में जुटे हैं।*

## विनेश, साक्षी बजरंग पर कांग्रेस की नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और पहलवान साक्षी मलिक पर कांग्रेस की नजर है। खुद सांसद दीपेंद्र हुड्डा लंबे समय से दोनों ही खिलाड़ियों के संपर्क में हैं। बजरंग पूनिया झज्जर से ताल्लुक रखते हैं और विनेश फोगाट बाढड़ा हलके की रहने वाली हैं। हालांकि, अभी तक दोनों खिलाड़ियों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। वहीं, जानकारी के लिए बता दें, पिछले चुनाव में भाजपा के टिकट पर तीन ओलंपियन खिलाड़ियों ने किस्मत आजमाई थी। ये एक बार फिर से टिकट के लिए दावा ठोक रहे हैं।

# चुनावी अखाड़े में दांव आजमाएंगे हरियाणा के छह खिलाड़ी!

## भाजपा की टिकट पर लड़ेंगे तीन ओलंपियन

### योगेश्वर दत्त को मिल सकता है भाजपा का टिकट

ओलंपियन योगेशवर दत्त 2019 में बरोदा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। बरोदा उपचुनाव में भी उन्होंने भाजपा से अपनी किस्मत आजमाई थी, लेकिन दोनों बार हार का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार ओलंपियन खिलाड़ी बबीता फोगाट ने चरखी दादरी से भाजपा के टिकट पर विधानसभा 2019 का चुनाव लड़ा था, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी सोमबीर सांगवान ने उनको हरा दिया था। हॉकी के पूर्व कप्तान संदीप सिंह भाजपा के टिकट पर पिहोवा से विधायक चुने गए और मनोहर लाल सरकार में मंत्री भी बने। ये तीनों ही खिलाड़ी फिर से अपने-अपने हलकों में सक्रिय हैं और टिकट के लिए मजबूती से दावा ठोक रहे हैं।




### जूनियर कोच भी मांग रही टिकट

पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली जूनियर महिला कोच ने कांग्रेस से पिहोवा विधानसभा सीट से टिकट मांगा है। वह संदीप सिंह के खिलाफ विधानसभा चुनाव में ताल ठोकना चाह रही हैं।

### बॉक्सर विजेंदर सिंह ने साध रखी है चुप्पी

बॉक्सिंग से राजनीति की दुनिया के कदम रखने वाले विजेंदर सिंह अब भाजपा के हो चुके हैं। 2019 में उन्होंने साउथ दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा का चुनाव लड़ा था। उन्होंने 2019 में ही कांग्रेस जॉइन की थी। विजेंदर सिंह जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में राजनीतिक प्रभाव है। वहीं, अप्रैल 2024 में लोकसभा चुनावों से पहले उन्होंने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था।


### 2009 में राजनीतिक गुगली में आउट हो गए थे चेतन शर्मा

क्रिकेटर से नेता बने चेतन शर्मा ने 2009 के लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ा था। ब्राह्मण समुदाय, बसपा का काडर वोटर और साथ में क्रिकेटर होने के चलते बसपा ने चेतन शर्मा को मैदान में उतारा था। कुल पड़े 6,24,937 वैध मतों में से चेतन शर्मा 1,13,453 वोट लेने में सफल रहे थे। इस चुनाव में कांग्रेस के अवतार सिंह भड़ाना जीते थे, जिन्हें 2,57,864 वोट मिले थे और भाजपा के रामचंद्र बैंदा दूसरे नंबर पर रहे थे, जिन्हें 1,89,663 वोट मिले थे।

## खबर संक्षेप

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा 23 से

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अगस्त को अमेरिका जाएंगे। वह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड



आस्टिन के निमंत्रण पर 26 अगस्त तक वहां रहेंगे। इस दौरान वह अमेरिकी रक्षा सचिव के साथ बैठक करेंगे। इसमें रक्षा सहयोग की मजबूती को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा रक्षा मंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक जेक सुलविन से मुलाकात करेंगे। रक्षा मंत्री अमेरिका की रक्षा उद्योग के साथ गोलमेज बैठक भी करेंगे। इसमें रक्षा उद्योग के साथ चल रहे कामों और भविष्य के रक्षा समझौतों पर चर्चा की जाएगी।

### मंदिर की घंटी धीरे बजाने नोएडा की सोसाइटी को नोटिस

नई दिल्ली। मंदिर की घंटी कम जोर से बजाइए, इससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में यह कहते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से नोटिस भेजा गया है। सोसाइटी के एक एक निवासी की ओर से भेजी गई शिकायत का संज्ञान लेकर बोर्ड की ओर से कहा गया है कि मौके पर इसकी जांच की गई तो घंटी की आवाज अधिक पाई गई। गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सौंदर्यम सोसाइटी है। अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष को 5 अगस्त को यह नोटिस भेजा गया है।

### शरद पवार को केंद्र ने दी जेड प्लस सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-सपा) प्रमुख शरद पवार को सशस्त्र




वीआईपी सुरक्षा कवर की उच्चतम श्रेणी जेड प्लस की सुरक्षा प्रदान की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से महाराष्ट्र के 83 साल के पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा है। इस कार्य के लिए 55 सशस्त्र सीआरपीएफ कर्मियों की एक टीम को नियुक्त किया गया है। केंद्रीय एजेंसियों की तरफ से खतरे के आकलन की समीक्षा में पवार को मजबूत सुरक्षा कवर देने की सिफारिश की गई है।

## कोलकाता में लेडी डॉक्टर से दरिंदगी और हत्या के विरोध में बड़ा प्रदर्शन

# डॉक्टर्स का मार्च

## सौरव ने किया परिवार संग प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के साथ दरिंदगी और हत्या की घटना को कोलकाता में 13वें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली लेडी डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के मांग के साथ मार्च में शामिल नहीं हो पाए। पहले इस मार्च में सौरव गांगुली और उनकी पत्नी डोना गांगुली के शामिल होने की बात सामने आई थी, लेकिन डॉक्टरों के प्रोटेस्ट में नहीं पहुंचे। हालांकि उन्होंने बाद में कैंडल मार्च निकाला। वहीं दूसरी तरफ सोमा बिस्वास, बुल चौधरी जैसे खिलाड़ी प्रोटेस्ट मार्च में पहुंचे। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा कारणों से सौरव गांगुली और डोना गांगुली डॉक्टरों के प्रोटेस्ट मार्च में भाग नहीं ले पाए, हालांकि इस बारे में सौरव गांगुली की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी गैरहाजिरी के लिए सिक्योरिटी का हवाला दिया गया है।

### सौरव ने पत्नी-बेटी संग निकाला कैंडल मार्च

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, उनकी पत्नी डोना और बेटी सना ने बाद में प्रदर्शन किया और कैंडल जलाकर पीड़िता के लिए न्याय मांगी।



उन्होंने कहा कि हमें सुरक्षित समाज की जरूरत है और रेप की घटना रुकनी चाहिए। डोना गांगुली ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमें एक सुरक्षित समाज की जरूरत है। बलात्कार को रोकने की जरूरत है। सौरव की बेटी सना ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें न्याय चाहिए। रेप बंद होना चाहिए।

### ममता झुकीं, हॉस्पिटल के प्रिंसिपल और सुपरिटेंडेंट को हटाया

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की मांगें स्वीकार कर ली हैं। ममता सरकार ने मेडिकल कॉलेज के मौजूदा प्रिंसिपल डॉ. सुरहिता पाल को हटा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने अस्पताल के मौजूदा अधीक्षक और चेस्ट डिपार्टमेंट के एचओडी को भी हटा दिया है।

आसमान से गिरा बम का टुकड़ा

## पोकरण फील्ड फायरिग रेंज में धमाका, मचा हड़कंप



**जयपुर।** राजस्थान के जैसलमेर में बुधवार को आसमान से कोई वस्तु गिरने के बाद हुए धमाके से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। एयरफोर्स के मुताबिक पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में बुधवार को अपनी नियमित उड़ान में दौरान टारगेट पर फायरिंग प्रैक्टिस के लिए आए भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान से फायर किया हुआ। हाई एक्सप्लोसिव बम (एयर स्टोर) तकनीकी कारणों से टारगेट मिस कर फायरिंग रेंज से बाहर हो गया। जैसलमेर के रामदेवरा थाना क्षेत्र में राठौड़ा गांव के पास आकर एक जोरदार धमाके से जमीन पर गिर गया। जमीन में करीब 8 फीट गहरा गड्ढा हो गया। हालांकि गनीमत रही कि घटना आबादी से दूर सुनसान इलाके में हुई है। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई. वायुसेना ने जांच के आदेश दिए हैं।

## ईरान : बस पलटने से पाक के 28 श्रद्धालुओं की मौत



एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान में एक बड़ा हादसा हो गया है जिसमें 28 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। यह सारे श्रद्धालु पाकिस्तान के बताए जा रहे हैं। असल में अरबाईन की तीर्थ यात्रा के लिए कई पाकिस्तानी ईरान आते हैं, इस बार भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे थे। लेकिन माना जा रहा है कि यज़्द के मध्य ईरानी प्रांत में श्रद्धालुओं को ले जा रही बस अचानक से पलट गई और उस वजह से 28 लोगों की दर्दनाक मौत हुई। इस हादसे के बारे में यज़्द के डायरेक्टर जनरल ने एक स्टेट टीवी को बताया कि इस दुर्घटना में 11 महिलाएं और 17 पुरुषों की मौत हुई है। 7 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और 6 लोगों को इलाज के बाद डिसचार्ज कर दिया गया है। बता दें कि हर साल पैंगबर मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन की शहादत पर एक तीर्थ यात्रा निकाली जाती है।

बोले- रास्ते में कोई अच्छा दोस्त मिला तो हाथ भी मिलाएंगे

## झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने किया नई पार्टी बनाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶| रांची



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने नई पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह संघर्ष करेंगे और नई पार्टी को खड़ा करेंगे। बुधवार को समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि अगर इस दौरान रास्ते में कोई दोस्त मिला तो वह उससे हाथ भी मिलाएंगे। मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद चंपई सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था, इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद उनकी नाराजगी उभर कर सामने आई थी। चंपई सोरेन के बीजेपी में जाने से जुड़ी अटकलें भी जारी थी लेकिन अब चंपई सोरेन ने सभी सवालों पर विराम लगा दिया है और नई पार्टी का ऐलान करते हुए गठबंधन के सभी विकल्पों के खुले होने की बात भी कही है। पूर्व सीएम सोरेन ने एक ट्वीट कर जल्द फैसला लेने की बात कही और लिखा, "धन्यवाद झारखंड ! इस प्यार, सहयोग एवं समर्थन के लिए। पिछले साढ़े चार दशकों से आम जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करता रहा हूँ, और आपका आशीर्वाद, जीवन के इस नये अध्याय में, मुझे सही फैसला लेने का हौसला दे रहा है। फिलहाल जनता से मिल रहा हूं।

### फैसला लेने की बताई वजह

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पिछले दिनों 'अपमान' का जिक्र किया था। इस घोषणा से कुछ ही दिन पहले चंपई सोरेन ने जेएमएम नेतृत्व के साथ अपने असंतोष का संकेत दिया था। उन्होंन पार्टी नेताओं के उनकी जानकारी के बिना उनके सरकारी कार्यक्रमों को अचानक रद्द कर दिए जाने का मुद्दा उठाया था। उन्हें हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद मुख्यमंत्री बनाया गया था लेकिन जैसे ही हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा था।







इंस्टाग्राम पर स्त्री 2 की हीरोइन का दबदबा

## श्रद्धा कपूर ने पीएम मोदी को पछाड़ा फॉलोअर्स के मामले में निकलीं आगे



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता का जश्न मना रही हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी इसका असर दिख रहा है। 'स्त्री 2' की सफलता के बीच उनके इंस्टाग्राम फॉलोअर्स तेजी से बढ़ रहे हैं। श्रद्धा कपूर इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पीएम नरेंद्र मोदी को पीछे छोड़ तीसरी सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय बन गई हैं। इस रेस में अब उनसे आगे सिर्फ दो लोग हैं। पहले क्रिकेटर विराट कोहली और दूसरी प्रियंका चोपड़ा। पीएम मोदी को श्रद्धा ने पीछे छोड़ दिया है। मामूली फासले के साथ अभिनेत्री इस रेस में आगे निकल गई हैं। हालांकि, एक्स फॉलोअर्स के मामले में पीएम मोदी बहुत आगे हैं। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के इंस्टाग्राम पर 91.4 फॉलोअर्स हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी को इंस्टाग्राम पर 91.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

### स्त्री से लोकप्रियता में हुआ इजाफा

फिल्म 'स्त्री 2' ने श्रद्धा कपूर की लोकप्रियता में बेतहाशा इजाफा किया है। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। श्रद्धा के अलावा फिल्म में राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना भी अहम रोल में हैं। 'स्त्री 2' ऐसी पहली महिला प्रधान फिल्म है, जो रिलीज के चौथे ही दिन 200 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 70 करोड़ से अधिक की ओपनिंग लेकर शुरुआत की। तब से इसकी कमाई ताबड़तोड़ चल रही है। 15 अगस्त पर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। मंगलवार छठे दिन इस फिल्म ने 25.8 करोड़ रुपये का कारोबार किया। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अब तक 258.09 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

## जैकेट के शेष

### महादेव सट्टा ऐप ....

का मामला दर्ज किया गया। कई स्तर पर जांच अब भी जारी है। अब तक राजधानी रायपुर से सैकड़ों सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि पूरे प्रदेश में यह संख्या करीब 600 से ज्यादा है। इसके बाद भी सट्टेबाज अलग-अलग प्लेटफार्म से धंधा कर रहे हैं। इसकी जड़ें गहरी हैं और दूसरे राज्यों से भी इसके तार जुड़े हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने इस मामले को सीबाआई को सौंपने का निर्णय लिया है, जिससे जांच को और अधिक सख्ती से आगे बढ़ाया जा सके। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के दो प्रमुख डायरेक्टर रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर अभी भी कानून की गिरफ्त से बाहर हैं।

### बिहार-झारखंड में ....

और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। कुछ स्थानों पर पुलिस को भीड़ को काबू करते भी देखा गया। पंजाब और हरियाणा में कोई खास असर नहीं दिखाई दिया, हालांकि कुछ स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। आवश्यक सेवाओं को बंद के दायरे से बाहर रखा गया था वहीं, सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सामान्य रूप से संचालित रहीं साथ ही दुकानें भी खुली रहीं। पुलिस ने बताया कि दोनों राज्यों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पंजाब के फगवाड़ा में बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले रहे।

### शहरों में आंशिक ....

बंद का बस्तर संभाग के सातों जिलों में असर रहा। सुबह से शाम 5 बजे तक शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गुमटी ठेले तक बंद रहे। बंद समर्थक युवा शहर सीमा से सटे आसना तथा नगरनार क्षेत्र के मंगनपुर तिराहे पर जमे रहे। जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों चक्काजाम की स्थिति बनी रही। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैंकड़ों गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी रही। जहां पुलिस के अधिकारी और जवान मौजूद रहे, लेकिन आंदोलनकारियों के उग्र तेवर को देखते हुए पुलिस अफसर और जवान सड़क किनारे बैठे रहे। वही छापरभानपुरी, किलेपाल, बस्तर और केशलूर में भी कुछ घण्टे तक राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्काजाम में सभी मार्गों में सैकड़ों की संख्या में वाहनों की कतारें देखी गई।

**जाम में फंसे यात्री** : आमजनों और इलाज के लिए अस्पताल जाने वाले मरीजों तक को परेशानियों से गुजरना पड़ा। इधर दोपहर 3 बजे पीजी कॉलेज ग्राउंड से हजारों की संख्या में निकले बंद समर्थकों की रैली के चलते स्कूल से घर आने वाले बच्चों को भी परेशानी हुई। यात्री बसें घण्टों हाईवे में खड़ी होने से यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। रैली पीजी कॉलेज धरमपुरा से अनुपमा टाकीज, संजय बाजार, मिताली चौक, गोल बाजार, मेन रोड, महावीर चौक, चांदनी, एसबीआई चौक, कोतवाली होते लालबाग पहुंची। जहां संभागायुक्त को राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा गया। शाम 5 बजे विरोध प्रदर्शन खत्म हुआ।

**बंद रही छोटी दुकाने और गुमटियां** : बंद के दौरान सभी व्यापारिक संस्थाएं, बाजार, चाय-पान ठेला, गुमटी, सम्पूर्ण कारोबार पर असर रहा। आपातकाल सेवा से जुड़ा मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज सेवा हर दिनों की तरह जारी रही।

**पारंपरिक हथियार के साथ बाइक में चलते रहे युवा** : अनुसूचित इलाका होने की वजह से बस्तर में इस बंद को व्यापक स्तर पर समर्थन मिला। बच्चे, युवा और महिलाएं तक बंद के लिए सड़क में नजर आए। गांव-गांव से बड़ी संख्या में पिकअप में ग्रामीण पहुंचे थे। यहां तक कि पारंपरिक हथियार भी लेकर युवा बाइक में चल रहे थे। समाज का झंडा और हथियार के साथ चल रहे लोग नारेबाजी भी करते रहे।

**भारत बंद के दौरान डोंगरगांव में बवाल, जैन समाज के खिलाफ टिप्पणी से चक्काजाम** : एससी, एसटी आरक्षण के मामले को लेकर भारत बंद के आयोजन के दौरान डोंगरगांव बंद करने निकले लोगों में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा जैन समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में जैन समाज के लोगों में आक्रोश है। कार्रवाई की मांग को लेकर जैन समाज के लोग सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर दिया। भारत बंद के आयोजन के दौरान डोंगरगांव में दूकानें बंद करने निकले अनुसूचित जाति, जनजाति की रैली में शामिल डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष ने यहां जैन समाज के व्यक्ति की दुकान खुली देखकर दुकान बंद करने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इसके बाद माहौल गरमा गया और जैन समाज के लोगों ने इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डोंगरगांव थाने पहुंचे आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। सकल जैन समाज द्वारा इस मामले को लेकर कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।

**प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी** : जैन समाज ने मांग की है कि सार्वजनिक रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद द्वारा जैन समाज के देवताओं एवं पारंपरिक त्यौहारों पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए तत्काल उनकी गिरफ्तारी की जाए। उनके द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से सकल जैन समाज आक्रोशित है एवं आहत है। वहीं कार्यवाही नहीं होने की दशा में प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन की चेतावनी जैन समाज द्वारा दी गई है।

### व्यवसायी की हत्या, पेट ....

संदेही युवक को हिरासत में लेकर की गई पूछताछ के बाद हत्याकांड का खुलासा हुआ। पुलिस ने घटनास्थल पर कार का शीशा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने संदेही की निशानदेही पर तीन पिस्टल भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि मनेन्द्रगढ़ रोड निवासी 23 वर्षीय अक्षत केडिया पिता महेश कुमार का शव शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित चठिरमा जंगल में बरामद किया गया है। युवक के पिता की मनेन्द्रगढ़ रोड में अम्बिका स्टील के नाम से दुकान संचालित है। युवक मंगलवार की शाम लगभग 5.30 बजे घर से निकला था जिसके कुछ देर बाद ही परिजन ने थाने में पहुंचकर युवक के लापता होने और मोबाइल फोन बंद आने की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

### कांच तोड़कर निकाला ...

शीशा तोड़कर गेट खोला और उसके बाद शव को बाहर निकाला। युवक को कुल तीन गोलियां मारी गई हैं जिनमें से एक गोली पेट को चीरती हुई बाहर निकल गई जबकि दो गोलियां उसकी छाती में धंसी हुई मिली। पुलिस को कार के अंदर से ही मृतक का मोबाइल फ़ोन व कार की चाबी मिली है। पुलिस ने संदेही की निशानदेही पर घटनास्थल से तीन किमी दूर से तीन पिस्टल बरामद किया है जिसमें से एक पिस्टल से युवक की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है।

### चल रही है जांच....

घटना स्थल से तीन पिस्टल मिली है। इस घटना की जांच चल रही है और जांच एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर स्थिति स्पष्ट होगी।

### शाह के प्रवास ....

साथ एक उच्च स्तरीय बैठक कर प्रदेश में नक्सल मोर्चे पर की जा रही कार्रवाईयों का ब्योरा लिया। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित गृह एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। श्री साय बुधवार को पुलिस मुख्यालय भी गए, वहां इंटर स्टेट पुलिस मीटिंग में छत्तीसगढ़ की तैयारियों की संबंध में जानकारी ली। वहीं श्री शाह के दौरे को लेकर रायपुर पुलिस की बड़ी बैठक भी हुई। इसमें तय किया गया कि 600 जवानों, आधा दर्जन आईपीएस और दो दर्जन से ज्यादा राजपत्रित अधिकारियों को लगाया जाएगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 23 से 25 अगस्त, 2024 तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे । वे 23 अगस्त 2024 को रात्रि 10 बजे होगा । 24 अगस्त को वे सुबह 11:30 बजे होटल मेफेयर, रायपुर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे । इस बैठक के बाद दोपहर 2:30 बजे छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में सम्मिलित होंगे। श्री शाह के इन कार्यक्रमों की तैयारी के सिलसिले में मुख्यमंत्री श्री साय ने सुबह अपने निवास कार्यालय में पुलिस एवं गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बताया गया है कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को वह प्रजेंटेशन दिखाया जो केंद्रीय मंत्री श्री शाह के समक्ष अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में पेश किया जाना है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार सीएम के साथ हुई बैठक में पिछले आठ महीनों के दौरान राज्य में नक्सल मोर्चे पर की गई कार्रवाईयों पर चर्चा हुई है। इस दौरान ये जानकारी बताई गई है । राज्य में पुलिस एंव सुरक्षा बलों ने नक्सलवादी आतंक से पूरे साहस और जज्बे के साथ मुकाबला किया है। बीते आठ महीनों में जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 146 नक्सलियों को मार गिराया है। इसके साथ ही राज्य पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाएं है। इस दौरान 32 नये सुरक्षा कैंप खोले गए हैं और आने वाले दिनों में 29 नये कैंप शुरू करने की तैयारी है। नक्सलवादी घटनाओं से निपटने के लिए अनुसंधान और अभियोजन की कार्रवाई और भी प्रभावी रूप से हो सके, इसके लिए राज्य अन्वेषण एजेंसी (एसआईए) का गठन किया है।

### नियद नेल्लानार ....

किलोमीटर की परिधि के गांवों में 17 विभागों की 53 हितग्राही मूलक योजनाओं एवं 28 सामुदायिक सुविधाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। इन गांवों में पहली बार लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। वे शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सरकार की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ अब उठा रहे हैं।

### गृहमंत्री ने कहा..

में सभी विंगो के अधिकारी शामिल होंगे। इसे लेकर आज की बैठक में समीक्षा की गई है।

### कल आएंगे शाह, कड़ी ....

आश्रम का दौरा करेंगे । इसके बाद इसी दिन सुबह 11:30 बजे होटल मेफेयर, रायपुर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के बाद दोपहर 2:30 बजे छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में शामिल होंगे। अमित शाह 25 अगस्त को सुबह 10:30 बजे एनसीबी ऑफिस, रायपुर का उद्घाटन करेंगे एवं समीक्षा बैठक में भाग लेंगे । इसके बाद होटल मेफेयर, रायपुर में दोपहर 01:30 बजे छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार से संबंधित बैठक में शामिल होंगे।

## पेज एक के शेष

### आदिवासी महिला को...

प्रशासन पर टिकी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार वारदात में और भी कई लोग शामिल हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

**सरकार की संवेदनहीनता : पटेल** : छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इस घटना पर गहरी नाराजगी जताते हुए लिखा, "रेप जैसे जघन्य अपराध के विरुद्ध उदासीन और संवेदनहीन सरकार से हमारा सवाल है। रक्षाबंधन पर हमारी बहनों की सुरक्षा का वादा सिर्फ एक दिखावा है या फिर कुछ ठोस कदम भी उठाए जाएंगे? पूछती हैं बहनें, पूछता है छत्तीसगढ़।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में...

में उन्हें बीमार कबूतर उड़ाने के लिए दिया गया। जिसके कारण जमीन पर गिर पड़ने की घटना हुई। उन्होंने यह भी कहा है कि मुख्य अतिथि यानी विधायक पुन्नूलाल मोहले के हाथ से यदि यह घटना कारित हुई रहती तो और भी अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता। एसपी ने यह भी कहा है कि आयोजन से पूर्व विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई थी लेकिन राष्ट्रीय पर्व पर कबूतर का नहीं उड़ना, यह दर्शाता है कि जिम्मेदार अधिकारी ने जिम्मेदारी से कार्य नहीं किया हैं। श्री जायसवाल ने जिम्मेदार अधिकारी पर अनुशासनात्म कार्रवाई की मांग की है। इधर कलेक्टर राहुल देव ने कहा है कि पत्र मिला है। मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने पत्र में लिखा है कि 15 अगस्त को मुंगेली जिले के प्रमुख ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान कपोत उड़ाए जाने के दौरान एक कपोत जमीन पर गिर गया। स्वतंत्रता दिवस जैसे प्रमुख राष्ट्रीय महत्व के पर्व कार्यक्रम के दौरान कपोत के जमीन पर गिर पड़ने की घटना सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में प्रमुखता से प्रसारित किया गया। जिला स्तर के प्रमुख ध्वजारोहण कार्यक्रम में बीमार कपोत को उड़ने के लिए प्रस्तुत किये जाने से यह स्थिति निर्मित हुई।

### स्कूल की छत का प्लास्टर...

शीतम, नरेंद्र और आयुष कुमार घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। **विधायक अनिला घायल बच्चों से मिलने पहुंची** : घटना की जानकारी मिलते ही डौंडीलोहारा की विधायक अनिला भेड़िया जिला अस्पताल पहुंची। उन्होंने घायल बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और डॉक्टरों को बच्चों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस ठेकेदार ने स्कूल की मरम्मत की है, उस पर और जो भी जिम्मेदार है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### मथुरा में 26...

जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही भव्यता और दिव्यता के साथ मनाने की योजना है। यहां भगवान हर बार की तरह इस साल भी सुबह की मंगल आरती से लेकर रात्रि जन्म अभिषेक तक भक्तों को दर्शन देंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य आयोजन उनकी जन्मस्थली मथुरा के जन्म स्थान पर होगा। यहां जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जाएगी. मध्य रात्रि को श्रीकृष्ण जन्म स्थान के मंदिर परिसर में भगवान का पंचामृत अभिषेक होगा।

## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## बोस्निया : स्कूल कर्मचारी ने की दो लोगों की हत्या

**साराजेवो (बोस्निया)।** उत्तर-पश्चिमी बोस्निया के एक कस्बे में बुधवार को एक स्कूल कर्मचारी ने गोली मारकर कम से कम दो लोगों की हत्या कर दी और कई अन्य को घायल कर दिया। स्थानीय मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गयी। गोलीबारी कथित तौर पर बोस्निया की राजधानी साराजेवो से लगभग 300 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में सैंस्की मोस्ट के एक माध्यमिक विद्यालय भवन में हुई। क्षेत्रीय एन1 टेलीविजन ने बताया कि उस व्यक्ति का स्कूल प्रबंधन के साथ विवाद था। उसने स्कूल प्रिंसिपल और अन्य कर्मचारियों पर गोली चलाई और फिर खुद की जान लेने की कोशिश की।

शिकागो में हुआ 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन'

# हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए सबसे योग्य मिशेल ने किया जोरदार समर्थन

एजेंसी ▶▶| शिकागो (अमेरिका)

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस का जोरदार समर्थन करते हुए उन्हें इस पद के लिए अब तक की सबसे योग्य व्यक्ति बताया। 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' में मंगलवार रात अपने भाषण में मिशेल ने उपराष्ट्रपति हैरिस को ऐसी उम्मीदवार बताया, जिन्होंने मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि से आकर अपना रास्ता बनाया। हैरिस को उम्मीदवार बनाए जाने की सराहना करते हुए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ने कहा, ''अमेरिका में एक बार फिर उम्मीद की किरण जगी है।'' डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने स्थान पर खड़े होकर मिशेल ओबामा का जोरदार स्वागत किया। हैरिस (59) बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार करेंगी।




### 'ट्रंप अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सत्ता पाना चाहते हैं' : बराक

डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान अपने संबोधन में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने डोनाल्ड ट्रंप को आड़े हाथों लिया। ओबामा ने कहा कि ट्रंप सत्ता को अपने उद्देश्यों की पूर्ति के साधन से ज्यादा कुछ नहीं मानते। हम नहीं चाहते कि ट्रंप जीतें और फिर से अराजकता के चार साल देखने को मिलें। हमने अक्सर फिल्मों में भी देखा है कि सीक्वल फिल्में ज्यादातर खराब होती हैं।

सीजेआई की पीठ ने मांगा केंद्र से जवाब

## 30 साल के बेटे की 'इच्छामृत्यु' के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मां-बाप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अपने इकलौते बेटे की 'इच्छामृत्यु' को लेकर मां-बाप ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनका 30 वर्षीय बेटा सिर में चोट लगने के बाद 2013 से अस्पताल में अचेतास्था (वेजिटेटिव स्टेट) में है। वे पिछले 11 साल से उसके ठीक होने की आस लगाए बैठे हैं। लेकिन बढ़ते खर्च और डॉक्टरों द्वारा ठीक होने की कम संभावना के कारण अब बेटे को 'इच्छामृत्यु' देने की मांग कर रहे हैं। मां-बाप ने याचिका में अनुरोध किया कि उनके बेटे को लगाई गई राइल्स ट्यूब को हटाने के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाए, जिससे उसे निष्क्रिय इच्छामृत्यु मिले और जो पीड़ा वह झेल रहा है उससे राहत दिलाई जा सके। राइल्स ट्यूब एक डिस्पोजेबल ट्यूब है जिसे नाक के माध्यम से पेट में डाला जाता है, जिससे नासोगैस्ट्रिक ट्रैक्ट तक पहुंच मिलती है। इसका इस्तेमाल भोजन और दवा दोनों को पेट तक पहुंचाने के लिए किया जाता है।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम हसीना के खिलाफ एक और मुकदमा



**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 86 अन्य के खिलाफ सिलहट शहर में एक जुलूस पर हमला करने के मामले में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। इस महीने की चार तारीख को बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई लोग गोली लगने से घायल हो गए थे। हसीना ने देश में हिंसक प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया था और तब से अबतक उनके खिलाफ कुल 33 मामले दर्ज किए गए हैं।


## गुमशुदा



मन्टू (साहेब दास) 26 वर्ष, पिता शीतलदास मानिकपुरी दिनांक 17/05/2024 से भाठागांव मंदिर पारा रायपुर से गुम हो गया है। जिसकी दीमागी हालत कमजोर है। जिस किसी भी सज्जन को दिखाई दे कृपया निम्न पते पर संपर्क करें।

**शीतलदास मानिकपुरी**
**थाना-पुरानी बस्ती रायपुर**
**मो. 8103121271, 7898704109**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना

दिनांक 21.08.2024

नगर पालिक निगम बिलासपुर के ज़ोन क्र.08 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 04.09.2024 संध्या 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | NIT क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | 157870 | वार्ड क्र. 59 रिनिस होटल से रामायण चौक तक आर.सी.सी. नाली एवं बी.टी. कार्य। | 140.00 | 1,05,000.00 | C & Above |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 21.08.2024 संध्या 5:31 बजे के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

ज़ोन आयुक्त, ज़ोन कार्यालय क्र.08
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

## कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Fax No. - 07786-242230 Email-cmokondagaon.2010@rediffmail.com

**//संशोधित मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/2121/न.पा./लो.नि.शा./2024 कोण्डागांव, दिनांक 20/08/2024

एतद् द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक/1237/न.पा./लो.नि.शा./2024 कोण्डागांव दिनांक 30.07.2024 अनुसार विभिन्न मैनुअल पद्धति से निविदाएं आमंत्रित की गई जिसमें आंशिक संशोधन की जाती है:-

(1) निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 28.08.2024 को समय 05.00 बजे तक ।
(2) परीक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 04.09.2024 को समय 05.00 बजे तक ।
(3) निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 11.09.2024 को समय 04:00 बजे तक।
(4) निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 11.09.2024 को समय 05.00 बजे तक।

(नियम एवं शर्ते पूर्ववत् रहेंगी)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कोण्डागांव

## कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./1570/न.पं./लो.नि.वि./2024-25 पाण्डातराई, दिनांक 21.08.2024

**-: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मा से 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैन्युअल निविदा दिनांक 11.09.2024 को समय दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न वार्डो में सी.सी. रोड तथा नाली निर्माण कार्य (कुल 15 कार्य) | 52.95 | 28.08.2024 |

शर्तेः- उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्तें अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई

## फॉर्म-ए
## सार्वजनिक घोषणा

(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)

**सौम्या माइनिंग लिमिटेड के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ हेतु**

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | **मेसर्स सौम्या माइनिंग लिमिटेड** |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणी के गठन की तिथि | 22 अगस्त, 1996 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी गठित/ पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार, कोलकाता |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं. | U51102WB1996PLC203543 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | बी.जे.-311, सेक्टर-II, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700091, भारत |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणी के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि | 20 अगस्त, 2024 - आदेश सुनाए जाने की तिथि |
| 7. | दिवालियापन संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की अनुमानित तारीख | 15 फरवरी, 2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर का नाम, पता, ई-मेल पता और पंजीकरण क्रमांक | **सुबोध कुमार अग्रवाल** IBBI/IPA-001/IP-P00087/2017-18/10183 |
| 9. | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता जो समिति के पास पंजीकृत हो | पताः 1, गणेश चंद्र एवेन्यू, तीसरी मंजिल, कमरा नं. 301, कोलकाता- 700013 मेल आईडी - subodhka@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल | पताः 1, गणेश चंद्र एवेन्यू, तीसरी मंजिल, कमरा नं. 301, कोलकाता- 700013 मेल आईडी - cirp.saumyamining@gmail.com |
| 11. | दावों के निवेदन की अंतिम तिथि | 04 सितम्बर, 2024 |
| 12. | धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों की कक्षाएं, यदि कोई हों, अंतरिम संकल्प पेशेवर द्वारा निर्धारित | वर्ग का नाम लागू नहीं |
| 13. | दिवालियापन पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने जाते हैं (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | वेबलिंक: https://www.ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पताः लागू नहीं |

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, कोलकाता पीठ ने **20 अगस्त 2024** को **मेसर्स सौम्या माइनिंग लिमिटेड** के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**मेसर्स सौम्या माइनिंग लिमिटेड** के लेनदारों को **04 सितम्बर, 2024** को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो प्रविष्टि नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना हैं।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों से दावों का सबूत जमा करेंगे। अन्य लेनदारों समेत परिचालन लेनदारों को पोस्ट द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दावों का सबूत जमा कर सकते हैं।


एंट्री नं. 12 के खिलाफ सूचीबद्ध एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, क्लास [निर्दिष्ट क्लास] फार्म सी ए - लागू नहीं में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए एंट्री नं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन दिवालिया पेशेवरों में से अधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना आकर्षित होगा।

दिनांकः 21.08.2024
स्थानः कोलकाता

सुबोध कुमार अग्रवाल
मेसर्स सौम्या माइनिंग लिमिटेड के अंतरिम समाधान पेशेवर
IBBI/IPA-001/IP-P00087/2017-18/10183
एएफए वैद्यता 21.11.2024 तक


## शब्द पहेली - 5609



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5608 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल - 5620

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5619 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब तेज चलने पर फूलती हो सांस



**मेरी उम्र 42 वर्ष है। जब मैं तेजी से पैदल चलता हूं या सीढ़ी चढ़ता हूं तो मेरी सांस फूलने लगती है। ऐसा क्यों होता है, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-दिनेश, भोपाल**

इस समस्या के दो कारण हो सकते हैं, पहला कमजोरी होना, दूसरा हृदय से संबंधित कोई समस्या होना। इसके लिए सबसे पहले आप डॉक्टर से संपर्क कर शरीर में खून की जांच कराएं, जिससे पता चलेगा कि कमजोरी तो नहीं आ रही है? अगर वह रिपोर्ट ठीक है तो जरूर आपको एक बार हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे कुछ जांच करेंगे, जिससे इसका कारण पता चलेगा और इसके बाद ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 22 वर्ष है। मेरे चेहरे पर कुछ समय से फोड़े-फुंसी हो रहे हैं। मैंने कई क्रीम-लोशन लगाए, लेकिन उससे ठीक नहीं हुआ। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं?**

**-मयंक, जांजगीर चांपा**

चूंकि बारिश के मौसम में फोड़े-फुंसी होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए हो सकता है कि आपकी समस्या का रीजन यही हो। लेकिन बाजार से कोई भी क्रीम खरीदकर लगाने से बचें। इसके बजाय बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें और वे जो क्रीम और साबुन एडवाइस करें, वो ही लगाएं।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे बाल बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं। ये किसी बीमारी के लक्षण तो नहीं? कृपया बताएं कि मैं अपनी इस प्रॉब्लम को कैसे दूर करूं? इसका क्या समाधान है?**

**-पारितोष, बिलासपुर**

मौजूदा समय में काफी संख्या में लोगों को इस तरह की समस्या से गुजरना पड़ रहा है। इसका एक बहुत बड़ा कारण है, हमारी लाइफस्टाइल, खान-पान और बाजार से खरीदे गए कोई भी शैंपू, क्रीम या साबुन। हालांकि शहरों में दूषित पानी भी एक बड़ा कारण बनता जा रहा है, इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें और उनके द्वारा बताए गए ट्रीटमेंट को लेना शुरू करें। यही फायदेमंद रहेगा।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। पिछले एक महीने से पेशाब करने के दौरान जलन होती है। यह किसी गंभीर बीमारी की वजह से तो नहीं हो रहा है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जयराम, भिवानी**

हालांकि कई बार पानी कम पीने से इस तरह की समस्या देखी जाती है, तो पहले आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर देखें। अगर इसके बाद भी आपको यह समस्या आती है तो जरूर आपको यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वे कुछ जांच कराएंगे, जिससे इस समस्या का कारण पता चलेगा। उसके आधार पर ही ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

**मेरे पिताजी की उम्र 62 वर्ष है। वो डायबिटीज के मरीज हैं। उन्हें खाना चबाने के दौरान मसूड़ों में दर्द होने लगता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया उचित सलाह दें।**

**-सर्वेश्कर, अनूपपुर**

सामान्य तौर पर शुगर से और मसूड़े में दर्द होने का सीधा संबंध नहीं होता है। सबसे पहले आप एक बार डेंटिस्ट से संपर्क कर लें, अगर मसूड़े में कोई समस्या आ रही है तो वह उसका ट्रीटमेंट करेंगे। इसके बाद भी आराम नहीं मिलता है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। मेरे कानों में कुछ दिनों से दर्द हो रहा है। अब मुझे सुनाई भी कम दे रहा है, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मोहनचंद, जींद**

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जाती है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि लोग सड़क किनारे बैठकर कान साफ कराने वालों से कान साफ करवाते हैं, जिससे कान का पर्दा डैमेज हो सकता है और यह समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए आपको ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। वे जांच करेंगे और उसके बाद उसका उपचार करेंगे। बिना डॉक्टरी सलाह के आपको बाजार से लेकर कोई भी दवाई नहीं खानी चाहिए और ना ही कानों में डालनी चाहिए। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

मेडिकल एडवाइस

विवेक शुक्ला

बारिश के मौसम में कई बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है। इनमें कान-नाक और गले का संक्रमण भी शामिल है। जल्द ट्रीटमेंट ना करवाने पर समस्या बढ़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि उन कारणों को पहचाना जाए, जिससे ये संक्रमण होते हैं। साथ ही इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में भी आपको जानना चाहिए।

# बरसात में अधिक होता है कान-नाक-गले का संक्रमण

दि एसोसिएशन ऑफ ओटोराइनो-लैरिन्गोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया' के अनुसार मानसून के मौसम में कान, नाक और गले से संबंधित समस्याओं के होने का रिस्क ज्यादा होता है। इसका प्रमुख कारण है, मानसून के मौसम में नमी और उमस में होने वाला उतार-चढ़ाव। इसके परिणामस्वरूप फंगस, बैक्टीरिया और वायरस तेजी से सक्रिय होते हैं। ऐसे में कुछ सजगताएं बरतकर आप मौजूदा मौसम में कान, नाक और गले से संबंधित समस्याओं से बच सकते हैं।

## कान संबंधी प्रमुख समस्याएं

**फंगल इंफेक्शनः** मानसून के दौरान फंगल (फफूंद) इंफेक्शन के मामले बढ़ जाते हैं। फंगस का संक्रमण, स्किन पर तब होता है, जब शरीर का रोग प्रतिरोधक तंत्र इनसे लड़ने में कमजोर पड़ जाता है। डायबिटीज पेशेंट्स को इस संक्रमण के होने का खतरा कुछ ज्यादा होता है।

**ओटाइटिस मीडियाः** कान के मध्य भाग में संक्रमण को ओटाइटिस मीडिया कहते हैं। ज्यादातर मामलों में यह संक्रमण बैक्टीरिया या वायरस के कारण होता है। जिन लोगों के कान के परदे में छेद होता है, उनके कानों में पानी जाने से 'ओटाइटिस मीडिया' होने का खतरा बढ़ जाता है।

**ईयर वैक्सः** मौजूदा मौसम में ईयर वैक्स के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसे कान में मैल जमा होना कहते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** कान में तेज दर्द, हल्का बुखार, कान दर्द के साथ सिर दर्द, कान से पानी जैसा द्रव निकलना, कम सुनने की समस्या जैसे लक्षण कान में संक्रमण की तरफ इशारा करते हैं।

**रखें ध्यानः** कान में बाहर से पानी ना जाए, इसका बचाव सुनिश्चित करें। डायबिटीज से ग्रस्त पेशेंट डॉक्टर के परामर्श से अपना ब्लड शुगर नियंत्रित रखें। खुद से कान की सफाई ना करें। कानों में तेल



या अन्य लिक्विड ना डालें। बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई एंटीबायोटिक ईयर ड्रॉप का इस्तेमाल ना करें। जिनको पहले से ही कान से संबंधित समस्या है, उन्हें इस मौसम में ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। बरसात के मौसम में जहां तक संभव हो, स्विमिंग करने से बचें।

**इंफेक्शन ट्रीटमेंटः** कान में 'सक्शन' प्रोसेस से फंगस को निकाल दिया जाता है। एंटी फंगल ईयर ड्रॉप डाली जाती हैं। इसके साथ ही डॉक्टर के परामर्श से एंटी फंगल दवाएं दी जाती हैं। ओटाइटिस मीडिया नामक समस्या में कान से पानी आने पर जांच के बाद डॉक्टर के परामर्श से पेनकिलर और एंटीबायोटिक्स दवाएं लेनी होती हैं। ईयर वैक्स की समस्या होने पर इसे घुलाने वाली दवाएं (ईयर ड्रॉप आदि) दी जाती हैं।







## नाक संबंधी समस्याएं

बरसात के दौरान एलर्जिक राइनाइटिस (एलर्जी से होने वाला नाक में संक्रमण) और राइनो-साइनुसाइटिस (नाक और इसके पास स्थित साइनस में संक्रमण) के मामले बढ़ जाते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** बार-बार छींकें आना, नाक से पानी जैसा द्रव निकलना, नाक में खुजली होना और सिरदर्द आदि होना एलर्जिक राइनाइटिस के प्रमुख लक्षण हैं। जबकि बुखार आना, सांस लेने में दिक्कत और नाक जाम होना आदि राइनो-साइनुसाइटिस के लक्षण हैं।

**रोकथाम के उपायः** 'अमेरिकन राइनोलॉजिक सोसायटी' के अनुसार जिन खाद्य पदार्थों या वस्तुओं से एलर्जी है, उनसे बचें। राइनो-साइनुसाइटिस से बचने के लिए मास्क का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक तंत्र को सशक्त करने के लिए मौसमी फलों और सब्जियों को खान-पान में नियमित तौर पर शामिल करें।

**ट्रीटमेंटः** राइनो साइनुसाइटिस में तेज बुखार और सांस लेने में दिक्कत होने पर डॉक्टर से परामर्श लें। सेल्फ मेडिकेशन से बचें। स्टीम या भाप लेना लाभप्रद है। किसी व्यक्ति में किसी विशेष खाद्य पदार्थ के प्रति कितनी सेंसिटिविटी है, इसकी जानकारी के लिए डॉक्टर के परामर्श से अपना एलर्जी टेस्ट कराया जा सकता है। इस आधार पर आप एलर्जन तत्वों से अपना बचाव कर सकेंगे।

## गले में समस्या

मानसून के दौरान गले में संक्रमण के मामले भी बढ़ जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में नमी और उमस का वातावरण आता-जाता रहता है। इस कारण लोग कभी गर्म पेय लेते हैं तो कभी अत्यधिक ठंडे पानी या फिर कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। अत्यधिक गर्म और अधिक ठंडे पेय पदार्थों का सेवन गले की सेहत के लिए उपयुक्त नहीं है। गर्म के स्थान पर गुनगुने पदार्थों का सेवन लाभप्रद है।

**प्रमुख लक्षणः** गले में खराश या दर्द होना, बुखार आना, किसी खाद्य पदार्थ को निगलते समय दर्द होना, आवाज बदल जाना और सांस लेने में दिक्कत होना गले में संक्रमण के लक्षण हो सकते हैं।

**ट्रीटमेंटः** गले से संबंधित लक्षणों में एकाध दिन के बाद राहत ना मिलने पर ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श लें। जिन लोगों को गले में टॉन्सिलाइटिस या अन्य कोई समस्या है, उन्हें आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स और अत्यधिक ठंडे पानी के सेवन से बचना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से बुखार में पैरासिटामोल ले सकते हैं। *

**(कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के सीनियर ईएनटी सर्जन डॉ. संजीव बधवार से बातचीत पर आधारित)**

### फ्लू से भी रहें सजग



**बरसात के** मौसम में कई लोग फ्लू से ग्रस्त हो जाते हैं। फ्लू वायरल संक्रमण है। बरसात के मौसम में वायुमंडल में नमी के व्याप्त रहने से फ्लू का वायरस तेजी से पनपता है, जो फेफड़े, नाक और गले पर हमला करता है।

**प्रमुख लक्षणः** तेज बुखार, बदन दर्द, सर्दी-खांसी और कुछ मामलों में सांस फूलना फ्लू के प्रमुख लक्षण हैं। अगर एक-दो दिनों में राहत ना मिले और तेज बुखार जारी रहे, तो शीघ्र डॉक्टर से परामर्श लें।

**बचावः** फ्लू की वैक्सीन उपलब्ध है, जिसे लगवाने से इस बीमारी का जोखिम कम हो जाता है। मरीज के खांसते या छींकते समय हवा के साथ निकलने वाली बूंदों के सूक्ष्म कणों से फ्लू फैलता है। सर्दी-जुकाम और फ्लू से पीड़ित व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर जाते समय मास्क पहनना चाहिए।

सजेशन

संध्या सिंह

# बेहतर नींद के लिए तकिया चुनें सही



एक अच्छा और आरामदायक तकिया ना सिर्फ हमारी गर्दन और रीढ़ की हड्डी को सहारा देता है बल्कि उन्हें एक सीध में रखने में भी मदद करता है। जब हमारी रीढ़ की हड्डी सीधी होती है तो यह मांसपेशियों को आराम देती है और इससे बेहतर नींद आती है। चूंकि नींद से जुड़ी कई समस्याएं, सोते समय हमारी रीढ़ की हड्डी की खराब स्थिति के कारण होती हैं, इसलिए सही तकिया बेहतर नींद में बहुत सहायक होता है।

**ऐसा हो तकियाः** अगर तकिया सही ना हो तो अच्छी नींद नहीं आती है और इससे कई दर्द शुरू हो जाते हैं। सही तकिया हमारे सिर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एक तटस्थ सीध में रखता है। यह हमारी रीढ़ की हड्डी की प्राकृतिक वक्रता के अनुकूल होता है। ऐसे तकिए से गर्दन में दर्द नहीं होता और पूरे शरीर को आराम मिलता है। तकिए को बहुत मुलायम नहीं होना चाहिए कि उस पर सिर रखते ही सिर तकिए के नीचे पलंग को छूने लगे। तकिया बहुत ऊंचा भी नहीं होना चाहिए और कड़ा तो बिल्कुल नहीं होना चाहिए। इस तरह एक आरामदायक तकिया मध्यम ऊंचाई का और इतना मुलायम होता है कि सिर रखें तो सिर करीब एक आधा इंच धंस जाए। जब हम करवट लेकर सोना चाहें तो यह तकिया सहारा दे और पीठ के बल लेटने पर उथलापन महसूस कराए।

**रखें ध्यानः** सपाट तकिए बहुत आरामदायक नहीं होते हैं। तकिया थोड़ा बिस्तर से ऊंचा ही होना चाहिए ताकि हमारे सिर को शरीर के बाकी हिस्से से थोड़ा ऊंचा रखे। जो लोग पीठ के बल सोते हैं, उनके लिए तो तकिया बहुत अनिवार्य है। क्योंकि ये तकिया उनकी गर्दन और सिर को सहारा देता है। जो लोग पीठ के बल सोते हैं, उन्हें हमेशा मध्य आकार का मोटा तकिया लगाना चाहिए, जो बहुत भरा ना हो, सपाट भी ना हो। छोटे या बड़े जिस भी तरह के तकिए में आप बेहतर महसूस करें, वही तकिया लगाकर सोएं। जो लोग करवट लेकर सोते हैं, उनके लिए मोटा और मुलायम तकिया अनुकूल हो सकता है। जबकि जो लोग पेट के बल सोते हैं, उनके लिए पतले तकिये ज्यादा आरामदायक होते हैं। तकिया चुनते समय अपने शरीर के आकार प्रकार का भी ध्यान रखें। यदि आप छोटे कद के हों तो आपका तकिया भी छोटा होना चाहिए। लेकिन अगर आप बड़े कद के हों तो आपका तकिया भी बड़ा होना चाहिए। एक मानक तकिए का आकार अमूमन 20 इंच चौड़ा और 26 इंच लंबा होना चाहिए। *

प्रिकॉशन

डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

हाल में जीका वायरस से संक्रमण के कई केसेस कुछ राज्यों में सामने आए। यह एक गंभीर संक्रामक रोग है। इससे बचने के लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि यह कैसे होता है, इसके लक्षण क्या हैं और इससे कैसे बचा जा सकता है?

# जीका वायरस का संक्रमण बरतें सावधानी-रहें सुरक्षित

बरसात के मौसम में मच्छरजनित गंभीर बीमारियां फैलने का डर सबसे ज्यादा रहता है। इनमें से ही एक है-जीका वायरस संक्रमण। पिछले दिनों महाराष्ट्र में जीका वायरस के बढ़ते मामले इसका प्रमाण हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से मच्छर के प्रजनन को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निगरानी रखने की अपील की है।

**क्या है यह संक्रमणः** जीका वायरस से संक्रमित एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से यह बीमारी होती है। साफ पानी में पनपने वाला यह मच्छर दिन के समय काटता है। यह फ्लैवीविरिडी फैमिली के वायरस फैलाता है, जो डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के लिए भी जिम्मेदार होता है। जीका वायरस, डेंगू और चिकनगुनिया की तुलना में अधिक संक्रामक है। इसलिए इसके लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना और समय पर इलाज कराना जरूरी है।

**कैसे फैलता है यह वायरसः** अमेरिका की सीडीसी (सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन) संस्था के अनुसार जीका वायरस सेक्सुअल ट्रांसमिशन, ब्लड ट्रांसफ्यूजन,



ऑर्गन ट्रांसप्लांट और गर्भवती मां से नवजात शिशु में भी फैल सकता है। यह एक-दूसरे के संपर्क में आने से भी फैलता है।

**किसे है ज्यादा रिस्कः** इस बीमारी से सबसे ज्यादा रिस्क गर्भवती महिलाओं को होता है, क्योंकि जीका वायरस अगर किसी गर्भवती मां के शरीर में प्रवेश कर जाए, तो मां की गर्भनाल से होता हुआ यह गर्भस्थ शिशु में भी पहुंच जाता है। इसके वायरस से महिला के भ्रूण में पल रहे बच्चे को माइक्रोसेफली होने का खतरा रहता है। यह एक जन्मजात दोष है। इससे बच्चे में शारीरिक-मानसिक विकार होने की संभावना रहती है। ऐसे बच्चे की बौद्धिक क्षमता या मानसिक विकास लेवल बहुत कम रह जाता है।

**प्रमुख लक्षणः** जीका वायरस से संक्रमित व्यक्ति 3-14 दिन तक इसकी चपेट में रहता है और इसके लक्षण आमतौर पर 2-7 दिन तक रहते हैं। इसके लक्षण डेंगू की तरह होते हैं और आमतौर पर हल्के होते हैं, इनमें बुखार, त्वचा पर चकत्ते या रैशेज होना, हाथ-पैर के जोड़ों में दर्द होना, शरीर में दर्द, कंजंक्टिवाइटिस या आंखों में सूजन, लालिमा और जलन, बेचैनी, थकावट प्रमुख हैं। इसके अलावा कुछ मरीजों को सिर दर्द, डायरिया, पेट के निचले हिस्से में दर्द भी हो सकता है।




**कैसे होता है डायग्नोजः** यह जांच खून या पेशाब से की जाती है। मॉलिक्यूलर टेस्टिंग के जरिए या फिर शरीर में एंटीबॉडी से भी वायरस का पता लगाया जा सकता है।

**नहीं है स्पेशल ट्रीटमेंटः** जीका वायरस के इलाज के लिए कोई विशेष मेडिसिन या वैक्सीन नहीं है। इसका उपचार ए-सिंप्टेमैटिक किया जाता है यानी मरीज की स्थिति के हिसाब से मेडिसिन दी जाती है। जीका से संक्रमित पेशेंट को भरपूर आराम करना चाहिए, लिक्विड डाइट अधिक लेना चाहिए, दर्द और बुखार के लिए पैरासिटामोल दवाई लेनी चाहिए।

**रोकथाम के उपायः** जीका वायरस के संक्रमण को रोकने का सबसे अच्छा उपाय है-मच्छरों से बचाव। इसके लिए-

- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
- फुल स्लीव कपड़े पहनें।
- खुले अंगों पर मॉस्किटो रिप्लेंट क्रीम लगाएं।
- मॉस्कीटो क्वायल या एंटीमॉस्कीटो स्प्रे प्रयोग करें।
- अपने घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगवाएं, ताकि मच्छर घर में ना आ सकें।
- अपने घर के आस-पास और कूलर, गमलों आदि में पानी इकट्ठा ना होने दें। आवश्यक साफ-सफाई रखें।
- घर में तुलसी, पुदीना, अजवायन जैसे औषधीय पौधे लगाएं। इनकी महक से मच्छर दूर भागते हैं। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

बारिश के मौसम में कुछ लोग सीजनल टेंपरेरी डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसे मानसून ब्लूज कहते हैं। हालांकि यह कंडीशन कुछ टाइम के लिए होती है। लेकिन अगर आप कुछ योगासनों का अभ्यास करें तो इससे बचे रह सकते हैं।

# मानसून डिप्रेशन से बचाएं ये पांच कारगर योगासन

मानसून अवसाद को मानसून ब्लूज भी कहते हैं। यह रियल डिप्रेशन नहीं होता बल्कि थकान, सुस्ती, चिड़चिड़ापन, भूख ना लगना और कुछ-कुछ डिप्रेशन जैसा ही होता है। यह एक सीजनल इमोशनल डिजीज है। जब लगातार बारिश हो रही होती है, वातावरण में घटाओं से हल्का अंधेरा छाया होता है तो कुछ लोगों का किसी भी काम में मन नहीं लगता क्योंकि सब कुछ ठहर गया लगता है। इसे ही मानसून ब्लूज कहते हैं। इससे उबरने के लिए कुछ योगासनों का सहारा ले सकते हैं, वरना इस मानसून डिप्रेशन से बहुत स्थाई किस्म की बीमारियां पैदा होने की आशंका रहती है।

**स्टडी से हुआ प्रूफः** कुछ समय पहले राजधानी दिल्ली में स्थित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने 12 वीक्स की एक रिसर्च के जरिए यह साबित किया कि नियमित सूर्य नमस्कार और कुछ अन्य योगासन करने से ना केवल 60 से 70 फीसदी तक डिप्रेशन में कमी आती है बल्कि शरीर को कई तरह के दूसरे फायदे भी मिलते हैं। रिसर्च में पाया गया कि जो लोग बिना योगासनों के डिप्रेशन से बचाव के लिए दवाइयां ले रहे थे, उन दवाइयों ने सिर्फ 20 से 30 फीसदी तक ही फायदा पहुंचाया, लेकिन जो लोग साथ में योग भी कर रहे थे, उन्हें दवाओं ने 60 फीसदी से ज्यादा फायदा पहुंचाया। यह स्टडी एम्स दिल्ली के एनाटॉमी विभाग और साइकिएट्रिक विभाग ने मिलकर किया था और इस रिसर्च का विश्लेषण एनाटॉमी विभाग की तत्कालीन प्रो. डॉक्टर रीमा दादा ने किया था। उनके मुताबिक योग तनाव और एंजाइटी को दूर करने में बेहद कारगर है।



शवासन

**ये आसन हैं कारगरः** मानसून डिप्रेशन से बचने के लिए अधोमुख श्वानासन, सेतुबंधासन, शवासन, चक्रासन और उत्तानासन सबसे प्रभावी माने जाते हैं।

**अधोमुख श्वानासनः** इसे अंग्रेजी में 'डाउनवर्ड डॉग पोज' भी कहते हैं। मानसून के डिप्रेशन वाले मौसम में इसे करने से दिमाग शांत रहता है। सिरदर्द नहीं होता। कंधा, हाथ और पैर मजबूत बनते हैं। फेफड़ों की क्षमता भी बढ़ती है, जिससे इस मौसम में हम अपने शरीर में ऊर्जा और प्रेरणा महसूस करते हैं।



सेतुबंधासन


**सेतुबंधासनः** जो लोग नियमित तौर पर मानसून के मौसम में डिप्रेशन में चले जाते हों, उन्हें यह आसन जरूर करना चाहिए। सेतुबंध आसन करने से मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इससे गर्दन का दर्द दूर होता है और तनाव तथा अवसाद से राहत मिलती है। वैसे चर्बी घटाने में भी यह आसन बहुत कारगर है।

**शवासनः** शवासन भी इस मानसून ब्लूज में हमें ऊर्जा से भरपूर करता है। इससे हमारा फोकस सिर्फ हम पर रहता है। शवासन प्रतिदिन सुबह-शाम करने से शरीर रिलैक्स महसूस करता है। इससे शरीर की ऑक्सीजन लेबल सुधरती है। सिरदर्द और अनिद्रा दूर होती है, बढ़ा ब्लड प्रेशर सामान्य होता है। इस सबसे मानसून अवसाद में कमी आती है।

**चक्रासनः** चक्रासन भी मानसून अवसाद से बाहर निकालने में बहुत कारगर है। इसे करने से हृदय रोगों का खतरा घटता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है। नियमित रूप से चक्रासन करने से मानसून के मौसम में हम बुझे-बुझे और थके-थके नहीं रहते।

**उत्तानासनः** उत्तानासन करना थोड़ी कठिन प्रक्रिया है, लेकिन एक बार इसे करना शुरू करने से यह बहुत सहज हो जाता है। इस आसन को मानसून के दौरान नियमित रूप से करने से सिरदर्द और अनिद्रा दूर हो जाती है। पाचन क्रिया मजबूत होती है। ब्लड प्रेशर पर कंट्रोल रहता है, जांघ और घुटने मजबूत होते हैं।

यहां बताए गए किसी भी आसन को करने से पहले योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीख लें। *



# जापान में धमाल मचाएगी फिल्म 'हनुमान'

**मुंबई।** साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर होने का खिताब अपने नाम करने वाली फिल्म हनुमान ने दक्षिण भारत के साथ हिंदी पट्टी में भी जमकर धमाल मचाया था। केवल भारत ही नहीं, बल्कि फिल्म ने कई देशों में भी अच्छा कारोबार कर दिग्गजों को हैरान कर दिया था। दुनियाभर में इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 295 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। वहीं, अब यह फिल्म जापान में दर्शकों के दिलों पर राज करने की तैयारी में हैं। प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को थ्रीडी में रिलीज किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत में भी इस फिल्म को चुनिंदा स्क्रीन पर रिलीज करने की बात कही जा रही है।

## लाइफ Style



# सोहा
## एक्टिंग के लिए लाखों की छोड़ी जॉब

सुपरस्टार की इस एक्ट्रेस बेटी ने अपने करियर में बस एक हिट फिल्म दी है। फिलहाल ये हीरोइन फिल्मों से दूर हैं, लेकिन ये काफी लैविश लाइफस्टाइल जीती हैं। सुपरस्टार्स के परिवार से ताल्लुक रखने वाली इस एक्ट्रेस ने फिल्मों के लिए अपनी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ दी थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


जिस फिल्म के लिए इस हसीना ने अपनी नौकरी छोड़ी थी उसमें किसी और स्टार को ले लिया गया था। इस एक्ट्रेस ने फिर कई फिल्मों में काम किया लेकिन इनका करियर फ्लॉप रहा। बावजूद इसके ये अभिनेत्री करोड़ों की दौलत की मालकिन हैं। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की बेटी और सैफ अली खान की बहन सोहा अली खान हैं। सोहा के पिता भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान मंसूर अली खान थे और वे पटौदी के नवाब भी थे। एक इंटरव्यू में सोहा अली खान ने खुलासा किया था कि वह फिल्मों में आने से पहले कॉरपोरेट में काम करती थीं और उन्होंने कहा था, 'मुझे साल के 2 लाख रुपए मिलते थे। यह पोस्टग्रेजुएट सैलरी थी और मैं उस समय मुंबई में हर महीने 17,000 रुपए किराया दे रही थी। मुझे नहीं पता कि शाही परिवारों के बारे में आपकी क्या राय है, लेकिन वहां बहुत ज्यादा कैश नहीं था।' सोहा अली खान ने आखिरकार दिल मांगे मोर से शाहिद कपूर के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।

# 'स्त्री 2' ने छठे दिन की प्रभास-ऋतिक की ओपनिंग से ज्यादा कमाई
# पहुंची 350 करोड़ पार



**मुंबई।** राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' थिएटर्स में ऐसा धमाल मचाए हुए है, जिसकी उम्मीद भी किसी को नहीं थी। पहले ही दिन से थिएटर्स को जमकर दर्शकों की भीड़ दिखा रही। इस फिल्म ने कमाई के कई बड़े-बड़े रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। सोमवार तक 'स्त्री 2' का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 335 करोड़ रुपए हो चुका था। मंगलवार को फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन ही 25 करोड़ रुपए है, तो वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन बड़े आराम से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। फाइनल आंकड़ों में फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस 370 करोड़ के आसपास नजर आएगा। मंगलवार को श्रद्धा और राजकुमार की फिल्म ने जो कमाई की है, उतना तो साल की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का ओपनिंग कलेक्शन नहीं था। प्रभास की फिल्म को पहले दिन 22.50 करोड़ रुपए की ओपनिंग मिली थी। 2024 में, हिंदी फिल्मों की सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड 'स्त्री 2' से पहले ऋतिक रोशन की 'फाइटर' (24.60 करोड़) के नाम था। इससे ज्यादा कमाई तो 'स्त्री 2' ने छठे दिन की है। गुरुवार तक पूरा चांस है कि ये 2024 की सबसे कमाऊ हिंदी फिल्म बन चुकी होगी।

# 'विदामुयार्ची' का नया पोस्टर हुआ जारी




**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' अपने ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में है। निर्माता पहले ही फिल्म से अभिनेता का पहला पोस्टर जारी कर चुके हैं, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया था। इसके बाद उन्होंने अभिनेता अर्जुन सरजा और तृषा और अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा के किरदार की झलक पेश की थी। वहीं, अब निर्माताओं ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म से दो और कलाकार का पोस्टर जारी किया है। यह पोस्टर है अभिनेता गणेश सरवनन और दशरथी नरसिम्हन के, जिसमें उनके किरदार की झलक दिखाई गई है। वहीं, पोस्टर के बैकग्राउंड में अजित की तस्वीर नजर आ रही है। इससे पहले हाल ही में विदामुयार्ची के निर्माताओं ने फिल्म से रेजिना कैसंड्रा का पहला पोस्टर साझा किया था। अभिनेत्री एक खास अंदाज में दिख रही थीं।

# 'सुमन इंदौरी' में नेक दिल लड़की की है कहानी...



**नई दिल्ली।** मौजूदा बदलती दुनिया में, जेठानी ने नई सास की भूमिका ले ली है। कलर्स के नवीनतम शो, 'सुमन इंदौरी' ने इस कन्टेम्परारी ड्रामा में जान फूंक दी है। यह शो देवरानी-जेठानी के पारंपरिक टकराव में स्ट्रीट-स्मार्ट फ्लेवर को भी शामिल कर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा दर्शकों को भी आकर्षित करना है। 'सुमन इंदौरी' 3 सितंबर से कलर्स पर प्रसारित होगा। मध्य प्रदेश के प्रमुख नगर इंदौर में स्थापित, यह कहानी एक नेकदिल लड़की सुमन के इर्द-गिर्द घूमती है। सुमन को अनिच्छा से शहर के एक बाहुबली परिवार के चतुर राजनेता तीर्थ से शादी करनी पड़ती है, जिसके बाद उसे एक बहू के रूप में अपनी नई भूमिका निभानी होगी। लेकिन ससुराल में उसका सामना अपनी दबंग जेठानी देविका से होगा, जो परिवार की मुखिया बनना चाहती है और सुमन को अपने पारिवारिक विरासत के लिए खतरा मानती है। उत्साही सुमन के रूप में अश्नूर कौर, चालाक राजनेता तीर्थ के रूप में ज़ैन इमाम, और दबंग देविका के रूप में अनीता हसनंदानी अभिनीत, 'सुमन इंदौरी' भावनाओं, सत्ता संघर्ष और पारिवारिक टकरावों का दिलचस्प मिश्रण पेश करने का वादा करता है, जो 'देवरानी-जेठानी' के अनूठे रिश्ते पर एक नया दृष्टिकोण पेश करता है।

## हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर बिफरी तनुश्री



**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न पर हेमा कमेटी की रिपोर्ट आ गई है। इसी के साथ ही बॉलीवुड से लेकर टॉलीवुड तक में इस पर चर्चा भी होने लगी है। बॉलीवुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने हाल ही में जारी हेमा कमेटी की रिपोर्ट को बेकार बताया और कहा कि यौन उत्पीड़न पीड़ितों को फिल्म इंडस्ट्री में काम के अवसर न दिए जाने से कोई दया नहीं दिखती। तनुश्री ने अभिनेता नाना पाटेकर और दिलीप की भी आलोचना की, जिन पर पहले यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। तनुश्री ने कहा, 'नाना और दिलीप जैसे लोग साइकोपैथ हैं। उनका कोई इलाज नहीं है। मुझे इन समितियों की परवाह नहीं है।

## टीवी मसाला

# ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित कंटेस्टेंट बनेंगी केबीसी-16 की पहली करोड़पति?



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाला शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का हर सीजन काफी सुर्खियां बटोरता है। अब क्विज शो 'केबीसी 16' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। 'केबीसी 16' को शुरू हुए एक हफ्ते से ज्यादा हो गया है। इस शो के 16वें सीजन की शुरुआत 12 अगस्त 2024 से हुई थी. अबतक कई कंटेस्टेंट लाखों रुपए लेकर अपने घर जा चुके हैं। लेकिन अब लग रहा है जल्द अमिताभ बच्चन के इस शो को अपना पहली करोड़पति मिलने वाली है। जी हां 'केबीसी 16' में राजस्थान के सवाई माधोपुर के नरेशी मीना को बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। 14 सवालों के सही जवाब देकर नरेशी ने काफी बढ़िया तरीके से गेम खेला है। अब देखना होगा कि नरेशी एक करोड़ के लिए पूछे गए सवाल का सही जवाब देती हैं या नहीं। शो में आई नरेशी ने अमिताभ बच्चन के सामने बताया कि उन्हें ब्रेन ट्यूमर है। इस शो से जीती गई रकम से वह अपना इलाज कराएंगी। शो का ये एपिसोड 20 अगस्त को ऑन एयर हो गया है। लेकिन इस एपिसोड का सेशन दो दिन तक चलेगा। 22 अगस्त को नरेशी का सामना एक करोड़ के सवाल से होगा।

## अथर्व निभा रहे हैं नए शो 'भीमा' में बाबा साहेब का किरदार



**मुंबई।** अभिनेता अथर्व को एंडटीवी के शो 'एक महानायक : डॉ. बी. आर. आम्बेडकर' में बाबा साहेब की मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। वह एक बार फिर से एक नये सोशल ड्रामा 'भीमा' में इस महान व्यक्तित्व की भूमिका निभा रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए अथर्व कहते हैं, ऐसे प्रेरणादायक लीडर की भूमिका निभाना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है। मैं पिछले ढाई सालों से इस महत्वपूर्ण शो का हिस्सा बना हुआ हूं। जब मुझे पता चला कि 'भीमा' के निर्माता चाहते हैं कि मैं उनके शो में भी बाबा साहेब का किरदार निभाऊं, तो मैं बहुत खुश हुआ और मैंने तुरंत इसे स्वीकार कर लिया। इस किरदार ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है, और मैं उनकी विरासत को अपने अभिनय के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए आभारी हूं।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### आफिस सहायक

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। मो. 6265100904. (RO-2941)

### डॉक्टर

आवश्यकता है- होम्योपैथिक डॉक्टर की 1 पद- 2, योग्यता- BHMS पास 1 वेतन Rs: 15,000/- से 20,000/- संपर्क करें:- Normal Child Clinic, राधा स्वामी नगर रायपुर Call 8602470046.(RO-2940)

### टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-2939)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरापारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.(RO-2943)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Healthcare




आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड, रायपुर। मोबाइल 9340273375 (RO-219)

आवश्यकता है- थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम हेतु लड़के की अनुभवी/ बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार वायोडाटा सहित मिलें। महेश फैब्रिक्स, जैन ज्योति काम्प्लेक्स चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर मो. 9752022866, 7415842111 (RO-4445)

आवश्यकता है- बच्चों के रेडीमेड वस्त्रों (होलसेल) की दुकान मे कार्य करने अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ज्योति किड्स वेअर I g v p पंडरी रायपुर 9425215272 (RO-4446)

### स्टॉफ नर्स/ बार्ड बॉय

आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध, संपर्क करें:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-2944)

### मार्केटिंग

REQUIRED- We need professionals with 4+ years of experience in architecture, digital marketing, and management for a real estate company. Contact: 9584131350, Email: info@mrlayouts.com (आरो नं -6367)

### रिसेप्शनिस्ट/ कुक

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु रिसेप्शनिस्ट-02, कुक इंडियन-02, चायनीज, साऊथ इंडियन -02 की आवश्यकता है संपर्क करें:- न्यु होटल गौरी स्मृतिनगर भिलाई मो.- 8827195000 (आरो -6368)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, बालाजी मंदिर के पीछे गुढियारी एवं केंट इंटरनेशनल स्कूल अमलेश्वर रोड ग्राम झीट में स्कूल बस हेतु (बैचवाले) एवं मैजिक चलाने हेतु ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करें- 8817444448, 8109077721, 8109077723 (RO-7467)

आवश्यकता है- स्कूल बस हेतु ड्राईवर की आवश्यकता है- 2 पद। आवेदन 03 दिवस के भीतर अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा (रिसाली) में जमा करें। संपर्क- 9098211113 (आरो न.-564)

आवश्यकता है- हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग - अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित संपर्क करें- 8225022889, 9827806026 (आरो न.-6369)

### कम्प्युटर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.(RO-301)

आवश्यकता है- कोरल ड्रा एवम फोटोशॉप के अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। कुशल, इच्छुक बायोडाटा सहीत संपर्क करें:- 8109559555, 9826680137, 7509081111 (RO-324)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- हिंदी-इंग्लिश टाइपिंग कंप्यूटर एक्सपर्ट ग्रेजुएट लड़की एवं फील्ड कार्य हेतु स्वयं का वाहन वाले 12वीं पास लड़के की आवश्यकता है। पेमेंट 5000। साईं नगर ऊरला, दुर्ग, सम्पर्क- 93295 11103 (आरो न.-565)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18-28, 10वीं, 12वीं पास, जो रीवा में आकर काम कर सकें। वेतन 10000 कमीशन+ बोनस, रहना+ खाना फ्री, शीघ्र सम्पर्क करें- 8982665514, 8349969546 (RO-35147)

### टेलीकॉलर

अतिशीघ्र आवश्यकता है- ऑफिस एवं टेलीकॉलिंग कार्य हेतु युवक की, योग्यता 10वी, 12वी, स्नातकोत्तर, सैलरी- 10,000/- +कमीशन +बोनस + इन्सेंटिव + रहना फ्री +काम के आधार पर प्रमोशन ट्रेनिंग बाद 15,000/- -20,000/- कमाने का मौका- 9039470547, 8815522974.(RO-2945)

आवश्यकता है- ऑफिस में टेली कॉलिंग तथा ऑफिस कार्य के लिए लड़कियों की आवश्यकता है। कार्य समय 10 से 8, वेतन 7000 -9000 (योग्यता अनुसार)। सम्पर्क :- स्काई एजेंसी, समवेत शिखर काम्प्लेक्स, प्रथमतल, शॉप नंबर 1, दैनिक भास्कर काम्प्लेक्स के पास, रजबंधा मैदान रायपुर 7770807779 (RO-373)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

## Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी, पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

## Property प्रापर्टी

### मकान

मकान बेचना है - बोरसी, रेल्वे फाटक व मार्केट के नजदीक पंचशील नगर MIG-74 पश्चिम फेंसिंग 1400 sqft, 2BHK अतिशीघ्र बेचना है। 7489361112, 9406242820, (आरो न.-563)

## For Rent किराया

किराए से देना है- तालपुरी ए ब्लॉक में 180 वर्गफ़ीट की दुकान। क्लिनिक, डेलीनीड्स, बुटिक, ब्यूटीपार्लर, मेडिकल स्टोर, लॉंड्री हेतु किराए पर उपलब्ध। mo.- 79997-73431, 94252-38690. (आरो न.-561)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



## हूती विद्रोहियों ने बनाया व्यापारिक जहाज को निशाना

**दुबई।** लाल सागर से गुजर रहे एक व्यापारिक जहाज पर बुधवार को कई हमले किये गए, जिसके चलते उसपर अब नियंत्रण नहीं रह गया है। ब्रिटिश सेना ने यह जानकारी दी। ब्रिटिश सेना ने आशंका जताई है कि इस हमले को यमन के हूती विद्रोहियों ने अंजाम दिया है जो पहले भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना चुके हैं। सेना के मुताबिक, हमले की विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हुई है लेकिन यह ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच, हूती विद्रोही जहाजों पर लक्षित हमले कर रहे हैं। ब्रिटिश सेना से संबद्ध ब्रिटिश समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि छोटी-छोटी नौकाओं से आए हमलावरों ने यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले होदेइदिया बंदरगाह से करीब 140 किलोमीटर पश्चिम में जहाज को छोटे हथियारों से निशाना बनाया। जहाज पर तीन रॉकेट भी दागे गए, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ये मिसाइल से किए गए हमले हैं।

# पीएम की यात्रा से रूस और पश्चिमी देशों के बीच संतुलन बनाने में जुटा भारत

**प्रधानमंत्री की पोलैंड और यूक्रेन की तीन दिवसीय यात्रा को लेकर रक्षा तथा विदेश मामलों के विशेषज्ञों ने दी है यह प्रतिक्रिया**

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा से भारत की कोशिश रूस और पश्चिमी देशों के बीच संतुलन बनाने की है। ऐसा उसके लिए इसलिए जरूरी है। क्योंकि मौजूदा समय में पूरी दुनिया में अस्थिरता और तनाव का जो माहौल बना हुआ है। वह भारत के हित में बिलकुल नहीं है। रूस से तो भारत के संबंध अच्छे हैं और पीएम की मास्को यात्रा से इन्हें काफी मजबूती भी मिली है। लेकिन ये सब कुछ अमेरिका की अगुवाई वाले पश्चिमी देशों को फूटी आंख नहीं सुहाता है। इसके चलते भारत के प्रति उनके रुख में तल्खी की झलक रूस और यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद लेकर आज तक देखने को मिल रही है। भारत इस स्थिति को भली भांति समझ रहा है और इसलिए रूस के बाद प्रधानमंत्री सीधे पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा कर रहे हैं। जो कि भारत द्वारा साफ तौर पर रूस और पश्चिमी देशों के बीच संतुलन साधने की कवायद को प्रदर्शित करती है। यह जानकारी प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा को लेकर रक्षा और विदेश मामलों के विशेषज्ञों ने दी है।



### यात्रा से संतुलन बनाने की कोशिश

सेना के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की इस यात्रा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर युद्ध के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश नहीं कहा जा सकता है। यह तो तब प्रमाणित होगी जब पीएम की यात्रा के बाद दोनों पक्षों के बीच लड़ाई रूक जाए या संघर्षविराम हो जाए। हां इतना जरूर है कि बीते वक्त में अमेरिका सहित यूरोप के तमाम विकसित देशों की तरफ से भारत पर इस लड़ाई को खत्म करने के लिए रूस को मनाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। इसके पीछे की वजह भारत के रूस से अच्छे रिश्तों का होना है।

### पोलैंड-यूक्रेन भारत के पुराने सहयोगी

लेफ्टिनेंट जनरल कुलकर्णी ने कहा कि पोलैंड और यूक्रेन भारत के पुराने सहयोगी देश रहे हैं। दोनों के साथ भारत के संबंध रहे हैं। पोलैंड के साथ भारत अपने राजनयिक संबंधों के सात दशक पूरे कर रहा है। वहीं, यूकेन को देखें तो वहां पर थोरियम, यूरेनियम, न्यूक्लियर के लिए टरबाइन, गेहूं, सूरजमुखी का तेल, मक्का, शहद बड़ी मात्रा में पैदा किया जाता है। सोवियत संघ के जमाने में यूक्रेन बड़े-बड़े रक्षा कारखानों का गढ़ था। पीएम की इस यात्रा से दोनों देशों से द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### यात्रा से अमेरिका को जाएगा शांति संदेश

विदेश मामलों के विशेषज्ञ कमर आगा ने बताया कि रूस से मजबूत रिश्तों के बीच इस वक्त यूक्रेन को लेकर भारत पर अमेरिका और पश्चिम के कई देशों का दबाव है। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से लेकर आज तक कभी भी सार्वजनिक रूप से रूस की निंदा भी नहीं की है। पिछले महीने पीएम नरेंद्र मोदी मास्को की यात्रा कर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर चुके हैं। इसके बाद अब उनके यूक्रेन जाने से अमेरिका और यूरोप के बाकी देशों के मन में भारत के प्रति सकारात्मकता को बढ़ावा देगा। इसके अलावा अमेरिका को भी भारत की तरफ से एक साफ संदेश जाएगा कि वह रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इसके लिए वह राष्ट्रपति पुतिन के अलावा राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी उनके देश में जाकर वार्ता कर सकता है।

## खरगे और राहुल आज टटोलेंगे जम्मू कश्मीर का सियासी नब्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



तारिक हमीद कर्रा के जम्मू कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष की कमान दिये गिनती के दिन बीते होंगे कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी विधानसभा चुनाव के लिए सियासी चौसर बिछाने जम्मू पहुँच गए। गुरुवार को दोनों नेता कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। जमीनी हकीकत की ग्राउंड ज़ीरो से रिपोर्ट लेंगे। पीडीपी और नेशनल कॉंफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव में जाना चाहिए या कांग्रेस पार्टी को अपने दम पर चुनाव में उतरना चाहिए इस पर लोगों का मूड भापेंगे, फिर दिल्ली वापिस आकर जम्मू कश्मीर की चुनावी रूप रेखा तय होगी। आज, दोपहर दोनों नेता स्थानीय मीडिया से बात करेंगे।

### ज्यादा होगा मतदान

विदित हो कि प्रदेश अध्यक्ष हामिद कर्रा ने पीडीपी से उस वक़्त इस्तीफा दे दिया था जब सूबे में भाजपा, पीडीपी की सरकार थी। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तय मियाद में विधानसभा चुनाव होने हैं। अब तक सूबे को केंद्रशासित रखा गया था। लोकसभा चुनाव में स्थानीय वोटरों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया था इसलिए माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में भी जब भाजपा, कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों के अलावा पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस समेत विभिन्न छोटे दल जम्हूरियत के उत्सव में शिरकत करगे तो लोग अपने मन मुताबिक सरकार चुनने घरों से बाहर निकल कर बड़ी मात्रा में वोट करेंगे।

## जेजेपी के विधायक रामकरण काला ने थामा कांग्रेस का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- नई दिल्ली में उदयभान और हुड्डा की मौजूदगी में ली पार्टी की सदस्यता

हरियाणा से जननायक जनता पार्टी के विधायक रामकरण काला बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में काला ने नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। रामकरण काला हरियाणा के शाहबाद से विधायक हैं। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज पर मैंने जेजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने का फैसला लिया। चुनाव लड़ने के सवाल पर काला ने कहा 'अगर कांग्रेस पार्टी टिकट देगी तो चुनाव जरूर लड़ूंगा।'

## यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन अटैक रूस ने सभी को किया नष्ट

- रूसी अधिकारियों ने दी जानकारी

**मॉस्को।** रूसी प्राधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन ने 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया और उसके सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मॉस्को ने रातभर में यूक्रेन के 45 ड्रोन नष्ट कर दिए। उसने बताया कि 11 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र के ऊपर नष्ट किए गए, 23 ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र, छह बेलगोरोद, तीन कलुगा और दो कुर्स क्षेत्र में नष्ट किए गए। मॉस्को के मेयर सर्गेइ सोबियानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा, ''ड्रोन के जरिए मॉस्को पर हमला करने की यह अब तक की सबसे बड़ी कोशिशों में से एक थी।'उन्होंने कहा कि राजधानी मॉस्को के आसपास बनायी गयी मजबूत रक्षा प्रणाली के कारण सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए।

## कांगो में 'मंकीपॉक्स' के एक हजार नए मामले

**केपटाउन।** अफ्रीकी देश कांगो में मंगलवार को समाप्त हुए सप्ताह में एक हजार से अधिक मंकीपॉक्स के नए मामले सामने आए हैं। वहीं, अफ्रीकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने महाद्वीप पर इसके ''बढ़ते'' खतरे से लड़ने में मदद के लिए अत्यंत आवश्यक टीकों की मांग की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही अफ्रीका में प्रकोप को वैश्विक आपातकाल घोषित कर चुका है। मंकीपॉक्स वायरस के उसी परिवार से संबंधित है जिनसे चेचक होता है, लेकिन यह बुखार, ठंड लगना और शरीर में दर्द जैसे हल्के लक्षण पैदा करता है। यह अधिकतर यौन संबंध सहित त्वचा से त्वचा के नजदीकी संपर्क से फैलता है।

# भारत की जरूरत पूरा कर सकता है अफ्रीका : गोयल

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने अगले 7 वर्षों में भारत-अफ्रीका व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अफ्रीका भारत के इलेक्ट्रिक वाहन जैसे कुछ क्षेत्रों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत को पूरा कर सकता है। गोयल ने बुधवार को यह बात नई दिल्ली में 19वें सीआईआई इंडिया अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव में व्यापार मंत्रियों के साथ विशेष पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने खनन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर रोशनी डाली, क्योंकि अफ्रीका खनिजों से समृद्ध है। उन्होंने



संयुक्त भागीदारी के ज़रिए भारत और अफ्रीका दोनों देशों में टिकाऊ खनन प्रथाओं और खनिजों के मूल्य संवर्धन के महत्व पर बल दिया।

गोयल ने कहा कि अगले सात वर्षों में भारत और अफ्रीका के बीच व्यापार को दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि अफ्रीकी देशों और भारत के बीच व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। श्री गोयल ने उल्लेख किया कि 33 अफ्रीकी देश भारत की सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) के लिए शुल्क-मुक्त टैरिफ वरीयता (डीएफटीपी) योजना में भाग नहीं लेते हैं और उन्होंने उनसे इसमें शामिल होने और इसका लाभ उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, ऑटोमोबाइल और नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की मज़बूती अफ्रीका की विकास जरूरतों के अनुरूप है।

## सीतारमण ने बुर्किना फासो के वित्त मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20, अगस्त को नई दिल्ली में बुर्किना फासो के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री अबूबकर नाकानाबो से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। वित्त मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने समकक्ष मंत्री बुर्किना फासो के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री अबूबकर नाकानाबो से मुलाकात की।

## इजराइल ने गाजा से बरामद किए 6 और बंधकों के शव

**यरुशलम।** गाजा में युद्धविराम की कोशिशों के बीच इजराइली सेना ने छह और बंधकों के शव बरामद किए हैं। ये हमास द्वारा पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान बंधक बनाए गए 250 लोगों में शामिल थे। इजराइल की जवाबी कार्रवाई से गाजा युद्ध शुरू हो गया था। हमास के कब्जे में अब भी 109 बंधक हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसके बलों ने दक्षिणी गाजा में रात भर चले आपरेशन में शव बरामद किए है।

## पटना में दम घुटने से एक साथ चार लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के पटना के बाढ़ में नवनिर्मित शौचालय की टंकी की शटरिंग खोलने गए चार युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना के पूरे गांव में सनसनी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बाढ़ थाना और अनुमंडल पदाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही बाढ़ थाने की पुलिस और अनुमंडल एसडीएम मौके पर पहुंचे एवं टंकी के अंदर फंसे युवकों को निकालने के लिए बचाव एवं राहत कार्य प्रारंभ कर दिया।

**कार्यालय जनपद पंचायत स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// नीलामी की सूचना //**

क्रमांक /2022/ लेखा /ज. पं./2024-25 स. लोहारा दिनांक 20/08/2024

जनपद पंचायत कार्यालय स.लोहारा परिसर में नवनिर्मित व्यावसायिक शॉपिंग काम्प्लेक्स की 06 दुकानों को लोक नीलामी द्वारा सात वर्ष के लिये यथा स्थिति में आबंटित किये जाने हेतु दिनांक 04.09.2024 को दोपहर 1:00 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय स.लोहारा के सभाकक्ष में की जावेगी। लोक नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 02.09.2024 से 03.09.2024 तक कार्यालयीन समय में एवं दिनांक 04.09.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक अग्रिम राशि 19000 (उन्नीस हजार रू.) जमा कर सकते है। जिसके नाम पर बोली समाप्त होगी उन्हें 30 दिन के भीतर सुरक्षा निधि 2.00 लाख रू. एवं अतिशेष राशि जमा कर अंतरण विलेख निष्पादित कराना होगा।

नीलामी की शर्तें कार्यालय के सूचना फलक में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा

S-41203/1

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**
**E-Procurement Tender Notice**
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No. 075/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated 12.08.2024

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids on electronic tendering system under RCPLWE RRP-III in the district of Bijapur for construction of 04 Roads with estimated cost amounting Rs 10250.51 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 13.08.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 02.09.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492-002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-242501904/2

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 157375 / निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि / 2024-25, कवर्धा दिनांक 16.08.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.09.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला के छुहो जलाशय नहर का पुर्ननवीनीकरण, वेस्ट वियर में 01 नग सूटफाल निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य एवं बांध में मिट्टी कार्य।

**अनुमानित लागत** - रू. 205.94 लाख
(दिनांक 01.08.2010 के एस. ओ. आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.08.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242501910/3

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय - बेमेतरा (छ.ग.)**
ईमेल:- csdhbemetara@gmail.com फोन नं. 07824-222-150

पत्र.क्र./जि.चिकि./ निविदा /2024-25 / 1770 बेमेतरा, दिनांक 20/08/2024

**-: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2024-25 के लिए (एक वर्ष के लिए) अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा **जिला चिकित्सालय बेमेतरा अंतर्गत भोजन व्यवस्था/ सफाई व्यवस्था / सुरक्षा व्यवस्था** हेतु पृथक-पृथक सील बंद निविदा कार्यालयीन पत्र क्र. / जि.चिकि. निविदा/2024-25/1414 बेमेतरा दिनांक 09.07.2024 **Advertisement No 242500980** के माध्यम से आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा चयन समिति की अनुसंसा उपरांत उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**टीप :-**
1. पुनः निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट **http://bemetara.gov.in** में पृथक से प्रदाय की जावेंगी।
2. पूर्व में जिन फर्म के द्वारा फार्म हेतु 3000.00 शुल्क जमा किया गया है। संबंधित फर्म के द्वारा पुनः फार्म क्रय करने पर पावती / रसीद के आधार पर निःशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते है।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय - बेमेतरा (छ.ग.)

G-242501925/3

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 1463/लो.क.वि./न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनांक 21/08/24

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में दिनांक 9-09-24 तक दरें आमंत्रित है। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से का अवलोकन कर सकते हैं

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.750.00 निर्धारित है। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक देय है। 2. स.क्र. 01 के लिए कार्य पूर्ण करने की समयावधि 05 माह निर्धारित है एवं स क्र. 02 से 03 के लिए 03 माह निर्धारित है। 3. सभी कार्य एक साथ प्रारंभ किये जायेंगें। अत: उपलब्ध संसाधन के आधार पर उतने ग्रुप में भाग लिया जावें। 4. कार्य का लागत मूल्य राशि रूपये लाख में तथा अमानत राशि रूपये में है।

| क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत/अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1 | महापौर के प्रोत्साहन राशि से वार्ड क्र. 04 में रामभाटा कर्मा फर्नीचर के बगल में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 10.79/8,100,00 |
| 2 | महापौर निधि से वार्ड क्र. 41 में विनोद साह घर से हनुमान मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 06.02/5,000 |
| 3 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 25 अजय अग्रवाल घर से जे.एम.जे. रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 03.12/3,200 |

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**
Phone No. -0771-2263708, Fax- 2262558
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in

क्रमांक/07/पीएमटी-पीईटी /2024-25/5264 नवा रायपुर दिनांक20/08/2024

**युवा कैरियर निर्माण योजना (यथा संशोधित 2021 ) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्री. इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन ''रूचि की अभिव्यक्ति'' का तृतीय आमंत्रण**

कार्यालयीन "रूचि की अभिव्यक्ति" क्रमांक/07/ पीएमटी - पीईटी /2024-25/4504, दिनांक 31.07.2024 निविदा क्रमांक 155726 में प्री. इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग कराने के लिए कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन "रूचि की अभिव्यक्ति" के द्वितीय आमंत्रण के तहत दिनांक 16.08.2024 तक आवेदन केवल 02 संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त हुए है। चूंकि छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) अनुसार कम से कम 03 संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही प्रस्ताव खोलने की प्रक्रिया की जावेगी। अतः उक्त रूचि की अभिव्यक्ति के तहत ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि | 22.08.2024 दोपहर 12:00 बजे से |
| 2 | निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 02.09.2024 सायं 5:00 बजे तक |
| 3 | ऑफलाईन स्टडी मटेरियल एवं एफ. डी. आर. जमा करने की तिथि | 03.09.2024 सायं 5:00 बजे तक |
| 4 | प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना | 04.09.2024 दोपहर 03:00 बजे |
| 5 | तकनीकी मुल्यांकन एवं अन्य कार्यवाही/ जानकारी की सूचना | पृथक से दी जावेगी, |

पूर्व में जारी "रूचि की अभिव्यक्ति" में नियम / निर्देश यथावत रहेंगे।

(नरेन्द्र कुमार दुग्गा) आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

G-242501932/3

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**

**विज्ञापन संख्या : R/11/2024**

संस्थान निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

(i) **पेशेवर प्रशिक्षु (वित्त एवं लेखा) - 10 पद**

शैक्षिक योग्यता, आयु एवं अद्यतन जानकारी के लिए http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching positions पर जाएं।

CBC 21255/12/0009/2425 कुलसचिव / Registrar

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 10/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 20.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA /STPKG-02/2024-25 | पी0डब्लू0डी0 पथ प्रतापपुर ईदगाह से आर0ई0ओ0 रोड जाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.750 कि0मी0) | 1436.482 | चौदह करोड़ छत्तीस लाख अड़तालीस हजार दो सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | गढ़वा | | एन0एच0–343 से सोह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.530 कि0मी0) | | | |
| 3 | मेराल | | गढ़वा चिनियाँ मुख्य पथ (पेस्का ऑफिस) से बगेसर स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (7.700 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.333242 Rural Work Department(24-25):D

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (2nd Call)**

NIT NO: 14/PWD/ Zone-2 /2024 RAIPUR DATED: 21.08.2024

Online bids are invited for the following works of works up to **Date 07.09.2024 at 17:30 hours.**

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate (Rupees in Lakh) | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 157886 | शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक-28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर सेक्टर 04 से 05 में नाला मरम्मत निर्माण एवं कवर्ड कार्य। | 100.00 | 75000.00 | Class D & above | 08 Months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **22.08.2024 10:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 2
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(Second Call)**

NIT NO:-170/NNR/Electrical/RMC/2024 RAIPUR DATED : 21/08/2024

Online bids are invited for the following works of works up to 09/09/2024 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate (In Lacs) | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit (In Lacs) | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 157885 | विद्युत लाईनों को भूमिगत किये जा रहे मार्गों में सड़कबत्ती की व्यवस्था कराये जाने बाबत्। | 85.73 Lacs | 3000.00 | 65000.00 | 'D' & Above | 04 months | PWD ELECTRICAL SOR 2020 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from 21/08/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System.Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

## खबर संक्षेप



### रुपया 14 पैसे टूटकर 83.91 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी कोषों की सतत निकासी और स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 83.91 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, कमजोर अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों के निचले स्तर ने स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.79 पर खुला ।

### सोना स्थिर, चांदी में 150 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** स्थानीय सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 74,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित बना रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। छिले कारोबारी सत्र में मंगलवार को सोना 1,400 रुपये के उछाल के साथ 74,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 87,150 रुपये प्रति किलोग्राम था।

### हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की नई श्रृंखला पेश करेगी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अपनी स्कूटर श्रृंखला का विस्तार करने और 125 सीसी बाइक खंड में अपनी स्थिति मजबूत करने की तैयारी कर रही है। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा कि कंपनी की योजना पेट्रोल और इलेक्ट्रिक, दोनों प्रकार के स्कूटर पेश करने की है।

# आईटीआर वेरिफिकेशन के लिए बचे सिर्फ 10 दिन, चूके तो फंसेगा रिफंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अनुसार, इस साल 31 जुलाई, 2024 तक लगभग 7.28 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किए गए हैं। इनमें से लगभग 5 करोड़ आईटीआर 26 जुलाई तक फाइल हो चुके थे। बाकी के लगभग 2.28 करोड़ आईटीआर 27 से 31 जुलाई के बीच दाखिल किए गए थे।

ऐसे में नियमों के अनुसार, 26 जुलाई से 31 जुलाई के बीच दाखिल हुए आईटीआर की डेडलाइन भी 26 से 30 अगस्त के बीच पड़ रही है। ऐसे में अगर आपने भी इन तारीखों में आईटीआर फाइल किया था तो अब उसके वेरिफिकेशन के लिए आपके पास सिर्फ 10 दिनों का समय ही बचा है। ऐसे में जुर्माने से बचने के लिए आपको अब देरी नहीं करनी चाहिए।

## इस साल 31 जुलाई 2024 तक 7.28 करोड़ आईटीआर फाइल किए गए

### आईटीआर-5 जमा करने के लिए 30 दिन का समय

इनकम टैक्स नियमों के अनुसार, आपको आईटीआर फाइल करने के बाद ई-वेरिफिकेशन या आईटीआर-5 ऑफलाइन जमा करने के लिए 30 दिन का समय मिलता है। आईटी डिपार्टमेंट से मिली जानकारी के मुताबिक, 20 अगस्त तक कुल 7,41,37,596 आईटीआर फाइल किए जा चुके हैं। साथ ही 7,09,89,014 आईटीआर वेरीफाई भी किए जा चुके हैं। ऐसे में अभी भी लगभग 32 लाख लोगों को आईटीआर का वेरिफिकेशन नहीं किया है। इसके अलावा 31 जुलाई तक आईटीआर भर चुके लोगों में से भी करीब 19 लाख ने अभी तक आईटीआर वेरीफाई नहीं किया है।




### रिफंड चाहिए तो आईटीआर भरने के 30 दिनों के अंदर कर दें वेरिफिकेशन

ऐसे में आपको ध्यान देना होगा कि आईटीआर भरने और ई-वेरिफिकेशन के बीच 30 दिनों से ज्यादा का अंतर न हो। आपका रिफंड तभी आएगा, जब आप आईटीआर वेरीफाई कर देंगे। उदाहरण के तौर पर अगर आपने 31 जुलाई को आईटीआर फाइल किया था तो उसको वेरीफाई करने की आखिरी तारीख भी 30 अगस्त होगी। रिपोर्ट के अनुसार, अगर आपने यह डेडलाइन मिस कर दी तो इसे भी लेट फाइलिंग माना जाएगा। ऐसी स्थिति में आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है।

### रिफंड तो जाएगा ही 5000 रुपए तक भरना पड़े सकता है जुर्माना

नियमों के अनुसार, अगर आपने 30 दिन के अंदर वेरिफिकेशन नहीं किया तो रिफंड किसी भी सूरत में नहीं आएगा। ऐसे में एक छोटी सी गलती के चलते आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। साथ ही आपका आईटीआर भी रद्द हो जाएगा। आपको दोबारा से आईटीआर फाइल करना पड़ेगा और उस पर लेट फाइलिंग का जुर्माना भी देना पड़ेगा। यह गलती आपकी जेब पर 1000 रुपए से 5000 रुपए तक भारी पड़ सकती है।

## अमेजन के एक अरब डॉलर के निवेश पर सवाल उठाए

# गोयल ने अमेजन के कारोबारी तरीकों निवेश घोषणा पर उठाए गंभीर सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की भारत में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा पर बुधवार को सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कोई बड़ी सेवा नहीं कर रही है, बल्कि देश में हुए नुकसान की भरपाई कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में अमेजन को हुआ भारी घाटा असल में बाजार बिगाड़ने वाली बेहद कम कीमतों पर उत्पादों की बिक्री के तौर-तरीकों को बयां करता है लेकिन यह भारत के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इसका असर करोड़ों छोटे खुदरा विक्रेताओं पर पड़ता है।

**अमेजन को हुआ भारी घाटा भारत का बाजार बिगाडने वाला**

## अमेरिकी कंपनी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कोई बड़ी सेवा नहीं कर रही

### कारोबारी मॉडल को लेकर सवाल उठाए

उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स के शुद्ध प्रभाव' पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबारी मॉडल को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, जब अमेजन भारत में एक अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा करती है तो हम जश्न मनाते हैं। हम यह भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर भारतीय अर्थव्यवस्था की बड़ी सेवा या निवेश के लिए नहीं आ रहे हैं।






### परंपरागत दुकानों के लिए व्यवधान

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ई-कॉमर्स कंपनियां छोटे खुदरा विक्रेताओं के अधिक मूल्य और उच्च-मार्जिन वाले उत्पादों को खत्म करती जा रही हैं जबकि छोटी दुकानें इनके दम पर ही जिंदा रहती हैं। मंत्री ने देश में ऑनलाइन खुदरा कारोबार तेजी से बढ़ने पर परंपरागत दुकानों के साथ बड़ा सामाजिक व्यवधान पैदा होने की आशंका भी जताई।

### भूमिका पर सोचना जरूरी

हालांकि, मंत्री ने आरोप लगाया कि ये कंपनियां केवल खुद को बी2बी दिखाने के लिए सभी व्यवसायों को एक इकाई के माध्यम से पुनर्निर्देशित करती हैं। उन्होंने कहा, "वे ऐसा कैसे कर रही हैं? क्या यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं होना चाहिए।" उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में एक भूमिका है, लेकिन उनकी भूमिका के बारे में बेहद सावधानी और सतर्कता से सोचने की जरूरत है।

### एक साल में 6000 करोड़ का घाटा

गोयल ने अचरज जताते हुए कहा कि एक साल में 6,000 करोड़ रुपये का घाटा होने से क्या कीमतों को बेहद कम रखने के संकेत नहीं मिल रहे हैं। यह सिर्फ एक ई-कॉमर्स मंच है और उन कंपनियों को सीधे ग्राहकों को बेचने (बी2सी) की अनुमति नहीं होती है। सरकार की स्थापित नीति के मुताबिक, कोई भी ई-कॉमर्स मंच देश में सीधे ग्राहकों के साथ यानी बी2सी कारोबार नहीं कर सकता है।

### यूरोप, अमेरिका ने प्रवृति का परिणाम देखा

गोयल ने पश्चिमी देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि यूरोप और अमेरिका ने इस प्रवृत्ति के परिणाम देखे हैं। गोयल ने कहा, "मैं इस बात से इनकार नहीं करता कि प्रौद्योगिकी अपनी भूमिका निभाएगी। प्रौद्योगिकी सशक्तीकरण, नवाचार, उपभोक्ता जरूरतों को पूरा करने का एक साधन है लेकिन हमें यह भी देखना होगा कि यह व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़े।"

# पूरी दुनिया में कायम हुआ अमूल का दबदबा

### ब्रिटेन के ब्रांड फाइनेंस ने दुनिया के मजबूत खाद्य ब्रांड का दर्जा दिया




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलाहकार कंपनी 'ब्रांड फाइनेंस' ब्रिटेन ने अमूल को दुनिया के सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड का दर्जा दिया है। इसने लगातार चौथे साल दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का खिताब भी बरकरार रखा है। कंपनी ने बयान में कहा, "दुनिया की अग्रणी ब्रांड परामर्शक ब्रांड फाइनेंस, ब्रिटेन के अनुसार 'फूड एंड ड्रिंक 2024' नामक अपनी वार्षिक रिपोर्ट में अमूल को दुनिया के सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड और सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है। रिपोर्ट में सबसे मूल्यवान और सबसे मजबूत खाद्य, डेयरी और नॉन-अल्कोहलिक ड्रिंक्स ब्रांड की सूची दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अमूल वर्ष 2023 में दूसरे स्थान से बढ़कर वर्ष 2024 में दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड बन गया है, जिसका ब्रांड मजबूती इंडेक्स (बीएसआई) स्कोर 100 में से 91 और एएए प्लस रेटिंग है।

### 36 लाख किसान के लिए गर्व का क्षण

अमूल के प्रबंध निदेशक जयन मेहता ने कहा, "यह वास्तव में पूरी अमूल टीम और हमारे 36 लाख किसानों के लिए गर्व का क्षण है, जिन्होंने इस ब्रांड को बनाने और विकसित करने में योगदान दिया है।

### अमूल सालाना 80 हजार करोड़ रुपए का दूध खरीदती है

हमने हमेशा माना है कि अमूल की धन दूध नहीं, बल्कि विश्वास है, और यह विश्वास ही है, जिसने पिछले 78 वर्षों में उपभोक्ताओं की हर पीढ़ी द्वारा पसंद किए जाने वाले ब्रांड का निर्माण किया है।" अमूल सालाना 11 अरब लीटर दूध खरीदती है और इसकी कीमत 80,000 करोड़ रुपये (10 अरब डॉलर) है।

## बिजनेस साइट

### सहेली ज्वेलर्स में आभूषणों पर स्पेशल प्राइस का लाभ उठाने का अंतिम मौका



**रायपुर।** सहेली ज्वेलर्स में विशेष आभूषणों पर चल रहे स्पेशल प्राइस का लाभ उठाने के लिए अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। वर्तमान में 24 कैरट गोल्ड 72,000 रु प्रति तोला, 22 कैरट गोल्ड 63,300 रु प्रति तोला और 18 कैरट गोल्ड 53,500 रु प्रति तोला की दर पर उपलब्ध है। इस सुनहरे मौके का लाभ उठाने के लिए ग्राहक जल्द से जल्द सहेली ज्वेलर्स का दौरा करें। विशेष ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए यह अंतिम अवसर है और इस रविवार को भी स्टोर खुले रहेंगे। इसके साथ जन्माष्टमी के मद्देनजर, सहेली ज्वेलर्स ने चांदी की विशेष वस्तुओं की श्रृंखला पेश की है, जिसमें पूजा थालियां, भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां और अन्य पूजन सामग्री शामिल हैं। ये उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुएं पूजा के लिए और उपहार देने के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प हैं।

**जन्माष्टमी के लिए विशेष चांदी की वस्तुएं भी**

श्री शिवम मॉल दुर्ग और सदरबाजार रायपुर स्थित सहेली ज्वेलर्स में यह एक शानदार खरीदारी का मौका है। स्टोर को खूबसूरती से सजाया गया है और ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों के लिए अद्वितीय वस्तुओं का संग्रह प्रस्तुत किया गया है।

# टाटा मोटर्स का चार्जिंग ढांचे के लिए दो कंपनियों से करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने को डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और थंडरप्लस सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी की बुधवार को घोषणा की।

दोनों पक्षों के बीच इस बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। इसके तहत देश भर में इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों के लिए 250 नए फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

टाटा मोटर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और कोच्चि सहित 50 से अधिक शहरों में रणनीतिक रूप से स्थित ये नए चार्जिंग स्टेशन 540 वाणिज्यिक वाहन चार्जिंग पॉइंट के मौजूदा नेटवर्क को बढ़ाएंगे।

टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के उपाध्यक्ष एवं कारोबार प्रमुख (एससीवी एवं पीयू) विनय पाठक ने कहा, वे मार्ग जिनका अधिक इस्तेमाल किया जाता है उन पर उपलब्ध चार्जिंग अवसंरचना का विस्तार करने से अधिक ग्राहक इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

# शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 102 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से अधिक के लाभ में रहा। घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली के बीच दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि अमेरिका में फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में सतर्क रुख के बीच हाल में विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने घरेलू बाजार में तेजी पर कुछ अंकुश लगाया। बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और यह 102.44 अंक चढ़कर 80,905.30 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी में पांचवें दिन तेजी रही और यह 71.35 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,770.20 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार बढ़त के साथ एक सीमित दायरे में रहा। बाजार को घरेलू संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से समर्थन मिला।




### क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो कल से, तैयारियां हुई पूरी

**रायपुर।** 'भरोसा आपका साथ है... क्योंकि ये घर की बात है' के नारे के साथ छत्तीसगढ़ में क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो 23 अगस्त शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। इस तीन दिवसीय एक्सपो का आयोजन 23 से 25 अगस्त तक इंडोर स्टेडियम में होगा, जहां 40 डेवलपर्स 200 प्रोजेक्ट्स के साथ भाग लेंगे। क्रेडाई छत्तीसगढ़ की पूरी टीम ने बुधवार को इंडोर स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और संतोष जताया कि इस बार एक्सपो एक नए अंदाज में आयोजित होगा। अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमेन ऋषभ जैन, को-चेयरमेन नवनीत अग्रवाल और सचिव पंकज लाहोटी ने बताया कि इस एक्सपो में लोगों को प्रोजेक्ट्स के चयन के अनेक विकल्प मिलेंगे।

एक्सपो में फाइनेंस के लिए बैंकों के स्टॉल होंगे और रेरा का स्टॉल भी पहली बार शामिल किया गया है जिससे वैधानिकता की जांच की जा सकेगी। स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक




ऑफर्स और उपहार भी दिए जाएंगे, जिसमें पिछले साल की तरह दोपहिया वाहन, एसी, वाशिंग मशीन और अन्य उपहार शामिल रहेंगे। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य फेस्टिव सीजन में लोगों को प्रॉपर्टी निवेश के अवसर प्रदान करना है। ताकि फ्लैट, बंगला, मकान, विला, प्लाट या कमर्शियल स्पेस खरीदने का सपना पूरा हो सके। इस बार के स्पांसर एसबीआई, आईसीआईसीआई, जगुआर, मैजिक पेंट्स, एमकेजी और नेचर टच हैं।




# ओलंपिक में रजत के बाद लुसाने डाइमंड लीग के लिए तैयार नीरज, मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| लुसाने

पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के दो हफ्ते बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डाइमंड लीग मीट में फिर भाग लेंगे और अगले महीने सत्रांत डाइमंड लीग ट्रॉफी को फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

लंबे समय से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे नीरज ने आठ अगस्त को पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 26 साल के नीरज ने शनिवार को लुसाने में डायमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पुष्टि की थी जिसके कारण अब उनकी सर्जरी पर फैसला सत्र की समाप्ति के बाद होगा।




## पेरिस के शीर्ष खिलाड़ी देंगे चुनौती

नीरज का मुकाबला लुसाने में शीर्ष खिलाड़ियों से होगा जिसमें पेरिस ओलंपिक फाइनल में शीर्ष छह में जगह बनाने वाले पांच खिलाड़ी भी शामिल हैं। टोक्यो में रजत पदक जीतने के बाद पेरिस में 88.50 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहने वाले वाडलेच डाइमंड लीग खिताब को बचाने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है और वह लंबे थ्रो करने में सक्षम हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में 88.54 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता था और वह अपने करियर में पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

### 14 को होगा लीग फाइनल

नीरज 2022 में डाइमंड लीग चैंपियन थे और पिछले साल अमेरिका के यूजीन में 'विनर-टेक-ऑल' डाइमंड लीग फाइनल में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। मौजूदा सत्र का डाइमंड लीग फाइनल 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें डाइमंड लीग मीटिंग सीरीज तालिका में शीर्ष छह में रहना होगा। पांच सितंबर को ज्यूरिख में एक और डाइमंड लीग प्रतियोगिता होनी है जिसमें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा भी शामिल है। दस मई को दोहा डाइमंड लीग में वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर रहने से वह सात अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## अंतिल की अगुवाई में पहला जत्था पेरिस रवाना




**नई दिल्ली।** पांच स्वर्ण सहित एक दर्जन पदक जीतने की उम्मीद के साथ भारत के पैरालंपिक एथलीटों का पहला जत्था स्टार भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल की अगुआई में पेरिस पैरालंपिक के लिए रवाना हो गया है। परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने के लिए पैरालंपिक खिलाड़ी समय से पहले रवाना हुए हैं। देश के 16 पैरा एथलीट उद्घाटन समारोह से तीन दिन पहले 25 अगस्त को खेल गांव में प्रवेश करेंगे और उससे पहले कुछ दिन पेरिस के होटलों में रुकेंगे। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाएं 30 अगस्त से पैरालंपिक के समापन दिवस आठ सितंबर तक 'स्टेड डी फ्रांस' में आयोजित की जाएंगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीजेश को दो करोड़ रुपए देगी केरल सरकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने बुधवार को भारतीय हॉकी के दिग्गज गोलकीपर और पेरिस ओलंपिक में टीम को लगातार दूसरा पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पीआर श्रीजेश के लिए दो करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया, 'पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे पी आर श्रीजेश को दो करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'

### सुपरस्टार्स ने छह विकेट से जीता मैच

**नई दिल्ली।** प्रियांश आर्य की 51 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने मंगलवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद ध्रुव कौशिक (56) और यश ढुल (52) के अर्धशतकों की मदद से सात विकेट पर 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने हालांकि आर्य और आयुष बडोनी (42) के बीच 101 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 177 रन बनाकर पांच गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर दिया।




### शरत कमल की नजर प्रशासनिक भूमिका पर

**चेन्नई।** अचंता शरत कमल भले ही अपना आखिरी ओलंपिक खेल चुके हों लेकिन टेबल टेनिस का यह दिग्गज भारतीय खिलाड़ी प्रशासक के रूप में खेल से जुड़े रहना चाहता है और इसको लेकर वह जल्द ही खेल के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगे। कमल ने बुधवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस के लॉन्च के अवसर पर कहा, 'अभी तक स्पष्ट रूप से तय नहीं किया है कि मेरा आगे का रोडमैप क्या होगा।



### यूटीटी से महिला खिलाड़ियों को हुआ फायदा

**चेन्नई।** देश की चोटी की महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अल्टीमेट टेबल टेनिस से भारतीय खिलाड़ियों विशेषकर महिला खिलाड़ियों को काफी फायदा हुआ। मनिका और श्रीजा अकुला हाल ही में पेरिस में ओलंपिक एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी थी। मनिका ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'मुझे निजी तौर पर इससे काफी मदद मिली क्योंकि विभिन्न देशों के खिलाड़ी यूटीटी में खेलते हैं।



## भारी उथल-पुथल और हिंसा को देखते हुए आईसीसी ने किया फैसला

# बांग्लादेश से छिनी महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी, यूएई में होगा टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी मंगलवार को बांग्लादेश से छीन ली है। तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाला यह वैश्विक टूर्नामेंट अब संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने यह फैसला बांग्लादेश में भारी उथल-पुथल और हिंसा को देखते हुए लिया है। मालूम हो कि पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है जिस कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीन को अपना पद और देश छोड़ना पड़ा था।

बांग्लादेश की घटनाओं को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने अपने नागरिकों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह जारी की थी। महिला टी20 विश्व कप के मुकाबले अब दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी जियोफ एलार्डिस ने कहा, बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप का आयोजन नहीं करना शर्म की बात है क्योंकि हम जानते हैं कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड एक यादगार आयोजन करता। मैं बीसीबी की टीम को बांग्लादेश में इस आयोजन को सक्षम बनाने के लिए सभी प्रयास करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हालांकि इसमें भाग लेने वाली सभी टीमों की सरकारों द्वारा यात्रा सलाह जारी करने का मतलब था कि इस टूर्नामेंट का आयोजन वहां संभव नहीं था। हालांकि उनके पास मेजबानी के अधिकार बने रहेंगे। हम निकट भविष्य में बांग्लादेश में एक वैश्विक टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए उत्सुक हैं।




### 10 टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में लेंगी हिस्सा

*बांग्लादेश में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाना था। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे।*



### बीसीसीआई ने खारिज किया था प्रस्ताव

आईसीसी ने बीसीसीआई से टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए प्रस्ताव दिया था, लेकिन भारतीय बार्ड ने आईसीसी के प्रस्ताव यह कहकर खारिज कर दिया था कि हम यह संकेत नहीं देना चाहते हैं कि हम लगातार अपने ही घर में वर्ल्ड कप कराना चाहते हैं। बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने बताया था कि भारत अगले साल 2025 में विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है।

### टॉप दो टीमें खेलेंगी सेमीफाइनल

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेंगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेला जाएगा।

## कुश्ती

# रौनक ने अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य



एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारत के रौनक दहिया ने यहां चल रही अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन शैली के 110 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

अपने आयु वर्ग की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रौनक ने कांस्य पदक के प्लेऑफ में तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को आसानी से 6-1 से हराया। यह मौजूद चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। इससे पहले रौनक सेमीफाइनल में हंगरी के रजत पदक विजेता ज़ोल्टन कज़ाको से हार गए थे। भारत के पास 51 किग्रा रेपेचेज में दूसरा पदक जीतने का मौका है लेकिन इसके लिए साईनाथ पारधी को दो मुकाबले जीतने होंगे।

उनका पहला मुकाबला अमेरिका के डोमिनिक माइकल मुनारेटो से होगा। अगर वह यह मुकाबला जीत जाते हैं तो उन्हें कांस्य पदक के लिए आर्मेनिया के सर्गिस हारुत्युनन और जॉर्जिया के इउरी चैपिडेज़ के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ना होगा।

### एंड्रीवा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कोलिन्स को हराया

**मॉन्टेरी।** एरिका एंड्रीवा ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनिएल कोलिन्स को हराकर मॉन्टेरी डब्लूटीए 500 हार्डकोर्ट टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एंड्रीवा ने देर रात तक चले इस मैच में 1-6, 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। यही नहीं वह पहली बार किसी शीर्ष स्तरीय डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने कजाकिस्तान की अन्ना डेनिलिना पर 49 मिनट में 6-0, 6-1 से जीत दर्ज की। चेक गणराज्य की इस 19 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला चीन की वांग जियू या जर्मनी की तात्जाना मारिया से होगा।

## बांग्लादेश का टेस्ट खराब

# 24 साल पहले डेब्यू अब तक 105 मैच हारे



एजेंसी ▶▶| मुंबई

नई दिल्ली। बांग्लादेश टीम अब तक टेस्ट क्रिकेट में भारत को हरा नहीं सकी है। बता दें कि इस बांग्लादेश टीम का टेस्ट इतिहास भी भारत से ही शुरू हुआ है। यानि इस टीम ने टेस्ट डेब्यू मैच भारत के खिलाफ ही खेला था। यह मुकाबला 10 नवंबर 2000 को खेला गया था। इसके बाद से अब तक करीब 24 साल हो गए हैं, लेकिन बांग्लादेश टेस्ट टीम में बिल्कुल भी सुधार और डेवलपमेंट नजर नहीं आया है। टीम की हालत पलती ही नजर आ रही है। इसका उदाहरण बांग्लादेश टीम के टेस्ट आंकड़ों से समझ सकते हैं। भारतीय टीम के खिलाफ बांग्लादेश टीम बेहद कमजोर है। दोनों टीमों के बीच अब तक 13 टेस्ट मैच खेले गए, जिसमें से भारतीय टीम ने 11 जीते हैं। जबकि 2 ड्रॉ हुए हैं।

### 5 साल बाद जीता पहला मैच

बांग्लादेश ने डेब्यू के 5 साल बाद अपना पहला टेस्ट जीता था। उनसे जनवरी 2005 में जिम्बाब्वे को घरेलू टेस्ट में हराया था। बांग्लादेश ने अब तक टेस्ट इतिहास में जिम्बाब्वे के अलावा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और अफगानिस्तान को हराया है। यानी कि बांग्लादेश टीम अब तक साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान और भारत को टेस्ट क्रिकेट में हरा नहीं सकी है।

### सिर्फ 19 मैच जीते


बांग्लादेश टीम ने अब तक कुल 142 टेस्ट मैच खेले, जिसमें से सिर्फ 19 ही जीते हैं। जबकि 105 मैचों में उसे हार मिली। 18 मुकाबले ड्रॉ हुए हैं। इसी दौरान (10 नवंबर 2000 से) भारत ने 246 टेस्ट खेले, जिसमें से 117 जीते हैं।

### बांग्लादेश का भारत दौरा

| दिनांक | प्रारूप | स्थान |
|---|---|---|
| 19 से 23 सितंबर | टेस्ट | चेन्नई |
| 27 सि. से 1 अक्टूबर | टेस्ट | कानपुर |
| 6 अक्टूबर | टी20 | ग्वालियर |
| 9 अक्टूबर | टी20 | दिल्ली |
| 12 अक्टूबर | टी20 | हैदराबाद |

## रूस के नेपोमनियाचची से गुकेश ने खेला ड्रा

**सेंट लुई।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची के साथ रोमांचक ड्रॉ खेला जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अपनी पहली बाजी में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के साथ अपेक्षाकृत आसान ड्रा खेलने के बाद गुकेश ने मंगलवार को यहां नेपोमनियाचची के खिलाफ रोमांचक मुकाबला खेला। भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेल रहा था और वह कुछ बेहतर स्थिति में भी दिख रहा था लेकिन रूस के खिलाड़ी ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। दोनों खिलाड़ी 60 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव के साथ ड्रा खेला। भारतीय खिलाड़ी काले मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ कोई मौका नहीं बना पाया। मोहरों की नियमित अदला बदली के बाद दोनों खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए। दूसरे दौर में पांचों बाजियां ड्रॉ रही। इस तरह से फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा 1.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं।



# सतीश जापान ओपन के प्री क्वार्टर में, किरण और युगल जोड़ियां हारीं

एजेंसी ▶▶| योकोहामा

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरन ने बुधवार को यहां पहले दौर में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के मैच के बीच में चोटिल होने के कारण हटने पर जापान ओपन के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

भारत के 23 साल के सतीश जब 6-1 से आगे चल रहे थे तब दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंटोनसन ने योकोहामा एरेना में मुकाबले के तीसरे मिनट में ही हटने का फैसला किया। दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सतीश प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के केंटाफोन वैंगचेरोएन से भिड़ेंगे। किरण जॉर्ज को हालांकि इस सुपर 750 टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के केंता सुनेयामा के खिलाफ 19-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी का भी अभियान खत्म हो गई। यह जोड़ी पहले दौर में डेनमार्क के जेस्पर टॉफ्ट और एमेली मेगलुंड के खिलाफ मुकाबले के बीच से हट गई। महिला युगल में रुतुपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा को भी पहले दौर में जूली फिन इपसेन और माई सुरो की डेनमार्क की जोड़ी के खिलाफ 34 मिनट में 8-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।




## इंटरकॉन्टिनेंटल कप : आशीष और गोलकीपर प्रभुसुखन टीम में शामिल

# झिंगन संभावित खिलाड़ियों में नहीं, कियान नया चेहरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेंटर-बैक संदेश झिंगन को भारत के नए मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए बुधवार को चुनी गई 26 सदस्यीय संभावित टीम में नहीं लिया है। ईस्ट बंगाल की तरफ से खेलने वाले ईरान के फुटबॉलर जमशेद नासिरी के बेटे और चेन्नईयिन एफसी के फॉरवर्ड कियान नासिरी के रूप में नया चेहरा टीम में शामिल किया गया है।

मोहन बागान एसजी के राइट-बैक आशीष राय और ईस्ट बंगाल के गोलकीपर प्रभुसुखन सिंह गिल को भी तीन से नौ सितंबर तक हैदराबाद में होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट के लिए लगाए जाने वाले शिविर के लिए संभावित टीम में लिया गया है। जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान डिफेंडर झिंगन के दाहिने घुटने में चोट लगी थी और माना जा रहा है कि वह अभी तक चोट से उबर नहीं पाए हैं। यह 31 वर्षीय सेंट्रल डिफेंडर मई में कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड दो के मैचों में भी नहीं खेल पाया था। इंटरकॉन्टिनेंटल कप में भारत के अलावा सीरिया और मॉरीशस की टीम भाग लेंगी। भारत फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में 124वें जबकि सीरिया 93वें और मॉरीशस 179वें स्थान पर है। अभ्यास शिविर 31 अगस्त से हैदराबाद में शुरू होगा।




### इंटरकांटिनेंटल कप

(सभी मैच शाम 7.30 बजे शुरू होंगे)

3 सितंबर: भारत बनाम मॉरीशस
6 सितंबर: सीरिया बनाम मॉरीशस
9 सितंबर: भारत बनाम सीरिया।

### संभावित टीम

**गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह, अमरिंदर सिंह, प्रभसुखन सिंह गिल। **डिफेंडर:** निखिल पुजारी, राहुल भेके, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, रोशन सिंह नाओरेम, अनवर अली, जय गुप्ता, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह।

**मिडफील्डर:** सुरेश सिंह वांगजम, जेकसन सिंह, नंदकुमार सेकर, नाओरेम महेश सिंह, यासिर मोहम्मद, लालेंगमाविया राल्टे, अनिरुद्ध थापा, सहल अब्दुल समद, लालियानजुआला चांग्ते, लालथाथांगा खावल्रिंग। **फॉरवर्ड:** कियान नासिरी गिरी, एडमंड लालरिंदिका, मनवीर सिंह, लिस्टन कोलासो।

अंतरिक्ष

# सूरज पर दिखे काले धब्बे, क्या धरती पर बहुत बड़ी आपदा आने वाली है?

धब्बे तो आकार में छोटे, लेकिन इतने बड़े थे उनमें पूरी धरती समा जाए

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क


अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जरवेटरी के वैज्ञानिकों ने 8 अगस्त को सूरज पर 24 घंटे के अंदर सैंकड़ों धब्बे बनते देखे। कुछ धब्बे तो आकार में छोटे थे। लेकिन कुछ इतने बड़े थे कि उनमें पूरी धरती समा जाए। सूरज की सतह पर इतने धब्बे कभी हाल-फिलहाल में नहीं देखे गए। वह भी 24 घंटे में।

वैज्ञानिकों ने इन धब्बों के आसपास काफी ज्यादा तीव्र चुंबकीय क्षेत्र डेवलपर होते देखा है। यानी ये किसी भी समय धरती की ओर तेजी से सौर तूफान भेज सकता है। यानी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तूफान। जिससे धरती की ओजोन लेयर, सैटेलाइट्स, नेविगेशन सिस्टम और बिजली के ग्रिड्स को खतरा रहता है। अगर बड़े पैमाने का सौर तूफान आता है तो इससे अंतरिक्ष में भारी मात्रा में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन की नई लहरें भेज सकता है। ये कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की वजह से निकलने वाले सौर तूफान होंगे। नोआ के साइंटिस्ट शॉन डल ने कहा कि यह एक सोलर साइकिल है। औसत 11 साल की होती है।

जब सूरज मिनिमम से मैक्सिमम की ओर जाता है। यह सोलर साइकिल 25 है, जिसका सबसे तीव्र समय आना बाकी है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि साल 2025 में सोलर मैक्सिमम अपने चरम स्थिति पर होगा। इससे कई जियोमैग्नेटिक तूफान आएंगे। सूरज पर अक्सर धब्बे दिखते हैं, कई धब्बे तो 20-20 साल तक खत्म नहीं होते।

**24**
घंटे के अंदर सैंकड़ों धब्बे बनते देखे गए

**2025**
में सोलर मैक्सिमम अपने चरम स्थिति पर होगा



### लाखों किमी प्रति घंटे की गति से आता सौर तूफान

सूरज पर बने धब्बे से कोरोनल मास इजेक्शन होता है। यानी सूर्य की सतह पर एक तरह का विस्फोट। इससे अंतरिक्ष में कई लाख किलोमीटर प्रति घंटे की गति से एक अरब टन आवेषित कण फैलते हैं। ये कण जब धरती से टकराते हैं तब कई सैटेलाइट नेटवर्क, जीपीएस सिस्टम, सैटेलाइट टीवी और रेडियो संचार को बाधित करते हैं।

### क्या होते हैं सूरज के धब्बे... कैसे बनते हैं ये?

जब सूरज के किसी हिस्से में दूसरे हिस्से की तुलना में गर्मी कम होती है, तब वहां पर धब्बे बन जाते हैं। ये दूर से छोटे-बड़े काले और भूरे रंग के धब्बों के रूप में दिखाई देते हैं। एक धब्बा कुछ घंटों से लेकर कुछ हफ्तों तक रह सकता है। धब्बों अंदर के अधिक काले भाग को अम्ब्रा और कम काले वाले बाहरी हिस्से को पेन अम्ब्रा कहते हैं।

### क्या होते हैं सौर तूफान के क्लास?

इन दिनों सूरज काफी सक्रिय है। इससे जियोमैग्रेटिक तूफान आ रहे हैं। जिसे वैज्ञानिक भाषा में एम-क्लास और एक्स-क्लास के फ्लेयर्स यानी सौर लहर बोलते हैं। सूरज अगले 8 सालों तक इतना ही सक्रिय रहेगा। इस वजह से सौर तूफानों के आने की आशंका बनी रहेगी।

### नासा ने इसके लिए क्या किया?

आमतौर पर, सीएमई ज्यादा हानिकारक नहीं होते हैं। लेकिन नासा हर समय सूर्य की निगरानी करता हैं। इसके अतिरिक्त, नासा का पार्कर सोलर प्रोब मिशन समय-समय पर सूर्य का चक्कर लगाते हुए उसकी सेहत की जानकारी देता रहता है। साथ ही सूर्य द्वारा बनाए गए धब्बों और अंतरिक्ष मौसम को बेहतर ढंग से समझ सकें।

# दो गधों को लेकर गली-गली क्यों घूम रहे ये पूर्व आईएएस अधिकारी?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हरियाणा के पूर्व एआईएस और फरीदाबाद के पूर्व डीसी प्रवीण कुमार को आखिर क्या जरूरत पड़ी कि वह दो गधे लेकर सड़कों-गलियों में घूमते दिखाई दे रहे हैं। फरीदाबाद की बड़खल विधानसभा में जब वह दो गधों के साथ दिखे तो लोग हैरान रह गए। पूछने पर अनोखी वजह पता चली। उनका मानना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने आचरण और विचारों पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। लोगों को इन गधों के माध्यम से वह एक खास संदेश देना चाहते हैं।

आगे बताया कि लोग अपनी मानसिकता को ठीक करें। बातचीत के दौरान पूर्व अफसर ने बताया कि वह 2001 बैच के आईएएस अफसर हैं। हरियाणा कैडर में कई साल सेवाएं दे चुके हैं। अपने अनोखे अंदाज के कारण वह अक्सर लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहते थे। रिटायर होने के बाद भी उनके अंदाज में कोई कमी नहीं आई है। वे अब लोगों को जागरूक करने के लिए गधों का सहारा लेते दिख रहे हैं, जो हैरानी का कारण भी है।

### निजी स्वार्थ से ऊपर उठगा होगा

वह बड़खल विधानसभा में गली-गली गधों के साथ घूमते हैं और लोगों को मैसेज देते नजर आते हैं। वह कहते हैं कि लोग इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में जीने के वास्तविक तरीके को भूलते दिखाई दे रहे हैं। अपने निजी स्वार्थ के चलते एक- दूसरे के शोषण पर उतारू हैं। देश ने आविष्कार के नाम पर भले ही चांद पर पहुंचने का काम किया हो, लेकिन लोगों के आचरण अब मलिन होते जा रहे हैं। लोग संसाधनों में उलझ कर फंसे बैठे हैं।






# फर्जी क्राइम ब्रांच अफसर बनने के लिए युवती को 20 लाख और महिला को दिए गए थे 10 लाख रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बीमार मां का इलाज कराने महिला व अपने जीजा के कहने पर युवती ने फर्जी क्राइम ब्रांच अफसर बनकर पुजारी के घर से 1 करोड़ 30 लाख रुपए चोरी की थी। उसके एवज में युवती को 20 लाख व महिला को 10 लाख रुपए दिए गए थे। पुलिस ने दोनों घर से 30 लाख रुपए बरामद कर इन्हें जेल भेज दिया है। वहीं एक करोड़ से अधिक रुपए लेकर भागने वाले मुख्य आरोपी सहित 4 आरोपियों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

- एक करोड़ रुपए लेकर भागने वाले 4 युवकों का सुराग नहीं

13 अगस्त को सिरगिट्टी बस्ती निवासी पुजारी कृष्ण कुमार मिश्रा के घर फर्जी रायपुर क्राइम ब्रांच के अफसर बनकर आरोपियों ने एक करोड़ 30 लाख रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने इस मामले में सिंधू वैष्णव पिता विजय वैष्णव 25 साल तिफरा, रानी बैरागी पति अवध बैरागी 30 साल भारतीय नगर निवासी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि सिंधू बैरागी वाहन शोरूम में काम करती थी। उसके जीजा ने उससे संपर्क कर घटना की जानकारी दी और शार्टकट में लखपति बनने का लालच दिया, जिससे वह फर्जी पुलिस अफसर बनने को तैयार हो गई। उसके एवज में उसे 20 लाख रुपए दिए गए थे। इसी तरह आरोपी रानी बैरागी गिरोह में शामिल भरनी के एक युवक के संपर्क में थी। वह मैग्नेटोमाल में इंश्योरेंस कंपनी में काम करती थी। युवक ने उसे फर्जी पुलिस अफसर बनने पर मोटी रकम का लालच दिया। बीमार मां का इलाज कराने के लिए वह फर्जी पुलिस अफसर बनने को तैयार हो गई थी। उसके एवज में उसे 10 लाख रुपए दिए गए। पुलिस ने दोनों के घरों से 30 लाख रुपए बरामद किया है। बुधवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 1 करोड़ लेकर भागे 4 युवकों को सुराग नहीं

पूरे मामले में लोरमी गोंड़खाम्ही के टैक्सी संचालक का बेटा सरगना है। घटना के 25 दिन पहले उसने ही योजना बनाकर अपने भरनी निवासी दोस्त व अन्य लोगों तथा महिला व युवती को वारदात में शामिल किया। घटना के दिन मैग्नेटोमाल के सभी मिले और स्कार्पियो में सवार होकर पुजारी के घर गए थे। वारदात के बाद चारों युवक एक करोड़ रुपए लेकर फरार हो गए। खबर है युवक नेपाल भाग गए हैं और मोबाइल बंद कर लिया है, जिससे पुलिस युवकों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

# दुनिया की सबसे अनोखी बकरी हाथी जितने बड़े होते हैं कान



**इस्लामाबाद।** दुनिया में कई ऐसे जीव हैं जिनके बारे में लोगों को कम ही जानकारी होती है। इनकी बनावट इतनी अनोखी होती है, जो भी कोई इन्हें देखता है, वो भी हैरत में पड़ जाता है। ऐसी ही एक बकरी अक्सर चर्चा में आती है। दिखने में तो ये आम बकरियों जैसी ही है, पर इसके कान इतने लंबे हैं कि देखकर आपको हाथी के कान याद आ जाएंगे। ये बकरी पाकिस्तान, भारत और मध्य एशिया में पाई जाती है। इसका नाम भी अनोखा है। अब जब ऐसे अनोखे जीव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा, तो लोग भी इसके लेकर चर्चा करने लगे।

वीडियो में कई बकरियां नजर आ रही हैं। इन बकरियों के कान इतने लंबे हैं कि उन्हें देखकर आपको हाथी के कान ध्यान आएंगे। जानवरों में हाथी ही ऐसा जीव है, जिसके कान बेहद लंबे होते हैं, मगर इन बकरियों के कान भी उनके सिर से होते है जमीन तक छू रहे हैं।

# वो जगह, जहां पानी से ज्यादा कोका-कोला पीते हैं लोग!



**लंदन।** आपने अक्सर सुना होगा कि अगर सेहत को ठीक रखना है तो कोल्ड ड्रिंक को छोड़कर पानी और दूसरे हेल्दी ड्रिंक्स पर फोकस करना चाहिए। बावजूद इसके लोगों को कॉफी, चाय और कोल्ड ड्रिंक की लत लग जाती है। आज हम आपको एक ऐसे स्टेट के बारे में बताने वाले है, जहां लोग कोका कोला के दीवाने हैं। एक वेबसाइट के मुताबिक मैक्सिको के चियापास नाम के स्टेट में लोग पानी की तरह कोका-कोला पीते हैं। यहां कोक की कीमत भी लगभग पानी जितनी ही है। यही वजह है कि लोग यहां पर इसे सिर्फ स्वीट ट्रीट की वजह से नहीं पीते बल्कि इसे पानी की जगह खुद को हाइड्रेट रखने के लिए पीते हैं। दरअसल, 1960 में पहली बार यहां पर कोक और पेप्सी जैसे रिफ्रेशिंग ड्रिंक्स लाए गए। चूंकि, धार्मिक नेताओं ने इसे धार्मिक सभाओं में फायरवॉटर की जगह रखना शुरू किया, इसलिए लोगों ने इसे धर्म से जोड़ दिया।

### एक आदमी पी जाता है 821 लीटर कोक

पिछले 5 दशकों से यहां के लोग कोका-कोला पीने की लत से ग्रसित हैं। बच्चे हों या बूढ़े, इसके बिना उनका काम नहीं चलता। स्टेट में हर आदमी औसतन 821 लीटर कोका कोला हर साल पी जाता है, जबकि दिन में प्रति व्यक्ति 2 से ढाई लीटर कोक की खपत होती है। चियापास के डॉक्टर मार्कोस बताते हैं कि प्रांत में कोक का एडिक्शन ऐसा है कि 1-2 साल के बच्चे भी रोजाना इसे पीते हैं और 3 प्रतिशत केसेज में 6 महीने के बच्चे भी कोक पी जाते हैं। हालांकि, इससे हर साल 3000 लोगों की मौत सिर्फ डायबिटीज से हो जाती है। लोगों के दांत खराब हो जाते हैं, बावजूद इसके ये एडिक्शन कम होता ही नहीं।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com